अमृत विचार



# हर्षोल्लास से मनाया गया पवन पुत्र का जन्मोत्सव, मंदिरों में उमड़े भक्त

## शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रही कार्यक्रमों की धूम, सुंदर कांड का किया गया पाठ

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** हे दुखभंजन मारुतिनंदन सुन लो मेरी पुकार की गूंज के साथ गुरुवार को हनुमान जी का जन्मोत्सव शहर और गांवों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिरों और घरों में विधि-विधान से बजरंग बली की पूजा-अर्चना की और दर्शन पूजन के बाद परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। धनोखर स्थित हनुमान मंदिर को लाल गुब्बारे, गेंदा के फूल की माला और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया। पुजारी मुरारी लाल ने हनुमान जी का चोला बदलकर सिंदूर चढ़ाया। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ करने के बाद भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया गया। दोपहर में आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य कर उत्सव की रौनक बढ़ाई। इसके अलावा कैलाश आश्रम, लोधेश्वर महादेवा स्थित हनुमान मंदिर, रोग हरण मंदिर, रामसनेहीघाट और जरौली के मंगल मूरत हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्त जुटे रहे। दशहरा मंदिर और लखपेड़ाबाग स्थित बालाजी हनुमान मंदिर में विशेष पूजन और भजन का आयोजन किया गया।

श्रद्धालु ढोल-मंजीरे की थाप और भजनों दुनिया न चले हनुमान के बिना, राम जी चले न हनुमान के बिना पर झूमते हुए नाचे और पूरे शहर में जन्मोत्सव की धूम रही।


धनोखर स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करने के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार


हनुमानजी की मूर्ति की सजावट की गयी।

# हाईवे पर भारी गुजरे 16 घंटे, अब सब सामान्य

**बाराबंकी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर बुधवार शाम छह बजे नेपाल जा रहे गैस टैंकर से शुरू हुआ रिसाव गुरुवार की सुबह तक होता रहा। तीन जिलों से आई टीम विफल हुई तो अन्य टैंकर मंगाकर गैस शिफ्ट की गई और खाली टैंकर वापस चला गया। करीब 16 घंटे बाद हाईवे पर यातायात सुचारु हो सका, पूरी रात पुलिस व प्रशासनिक अफसर हालात पर नजर बनाए हुए थे।

बताते चलें कि मथुरा से दस लाख से अधिक की कीमत का करीब 17.42 एमटी गैस लेकर टैंकर नेपाल की ओर जा रहा था। बुधवार शाम करीब 6 बजे नेशनल हाईवे पर असैनी ओवरब्रिज की सर्विस लेन पर टैंकर से अचानक गैस का रिसाव शुरू हो गया। इसका पता चलते ही चालक गुरुप्रीत सिंह ने वाहन रोका और लकड़ी की गुल्ली से रिसाव रोकने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। खबर फैलते ही पूर्ति अधिकारी, पुलिस, यातायात कर्मी, दमकल वाहन मौके पर पहुंच गए। तब तक दोनों ओर लंबा जाम लग गया। देर रात लखनऊ व दो अन्य जिलों से टीमें आईं पर रिसाव रोकने की कोशिश बेकार गई। इस बीच वाहन दूसरे रास्तों से होकर निकलते रहे। आखिरकार अन्य जिलों से टैंकर मंगाकर उनमें बची गैस शिफ्ट कराई गई और थोड़ी बची गैस को पानी के सहारे निकलवाकर जमींदोज करा दिया गया। इस तरह खतरा टला, यातायात सुचारु हुआ और प्रशासनिक पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली लेकिन इस कवायद में गुरुवार को दस बज गए। इस दौरान एसपी अर्पित विजयवर्गीय, डीएसओ आदि देर तक मौजूद रहे।


गैस शिफ्टिंग के बाद खड़ा खाली टैंकर।

● नहीं रुका रिसाव, दूसरे टैंकरों में भरी गई गैस

## टीम ने किया औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण


एक औद्योगिक इकाई का निरीक्षण करती टीम। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** यूरिया के गलत प्रयोग की जांच के लिए कृषि, उद्योग केन्द्र और गन्ना विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को कुल 12 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। तहसील नवाबगंज में 3 इकाइयों दयाल इंडस्ट्रीज, सत्यम इंडस्ट्रीज, मोहम्मदपुर चौकी और श्याम टिम्बर, संदौली का निरीक्षण किया गया। दयाल इंडस्ट्रीज, मोहम्मदपुर चौकी में 118.653 मीट्रिक टन टेक्निकल ग्रेड यूरिया स्टॉक पाया गया और एक नमूना जांच के लिए लिया गया। तहसील फतेहपुर में 6 इकाइयों अमरधन, सोना गोल्ड एग्रोकेन, महाराष्ट्रा फीड्स, एसएमबीडी, सीपी मिल्क, विनी टिम्बर का निरीक्षण किया गया, जहां किसी भी इकाई में अनुदानित यूरिया का प्रयोग नहीं पाया गया। तहसील रामनगर में 2 इकाइयों जय अम्बे विनीयर और अल्फा विनीयर सुरवारी और तहसील रामसनेहीघाट व हैदरगढ़ में 1 चीनी मिल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी इकाइयों में अनुदानित यूरिया का कोई दुरुपयोग नहीं पाया गया। सिरौलीगौसपुर में इस दौरान कोई औद्योगिक इकाई संचालित नहीं पाई गई।

## सेल टैक्स ऑफिसर बनने पर दी बधाई


रोहन गुप्ता को सम्मानित करते भाजपा नेता पंकज गुप्ता 'पंकी' व अन्य।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कटरा मोहल्ला निवासी होनहार युवा रोहन गुप्ता का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) परीक्षा में चयन होने से जिले में खुशी और उत्साह का माहौल है। चयन के बाद अब वह सेल टैक्स ऑफिसर के पद पर अपनी सेवाएं देंगे। इस उपलब्धि पर समाजसेवी व भाजपा नेता पंकज गुप्ता 'पंकी' ने उनके आवास पहुंचकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि रोहन गुप्ता की सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे वैश्य समाज और जनपद के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि इस बार बाराबंकी से एक दर्जन से अधिक प्रतिभाशाली युवाओं ने पीसीएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है, जो युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर सिद्धार्थ कनौजिया, आशीष सिंह आनंद, दिलीप वर्मा, शशि गुप्ता, रामानंद गुप्ता और आर्यन गुप्ता सहित क्षेत्र के कई लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पत्नी के न आने से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगा दी जान

**अप्रिय कदम**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मायके में रह रही पत्नी के न आने व इसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार शाम से लापता मजदूर युवक का शव घर से कुछ दूर बाग में लटका मिला। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार यह घटना सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम भनौली की है। यहां रहने वाले स्वर्गीय अरविन्द का 28 वर्षीय पुत्र शिवा चौहान मंगलवार की शाम को घर पैदल निकला पर वापस घर नहीं लौटा। परिजन इसकी तलाश कर रही रहे थे कि गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने गांव से कुछ दूर बाग में शव लटका होने की सूचना दी। जिस पर परिजन गांव से करीब दो सौ मीटर दूर आम की बाग में पहुंचे तो देखा कि शिवा का शव दुपट्टे से बने फंदे के सहारे पेड़ से लटक रहा था। यह देखते ही परिजनों में रोना पिटना मच गया।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के चचेरे भाई सूरज ने बताया कि मृतक दिहाड़ी मजदूरी करता था। उसकी पत्नी दो माह से मायके में रह रही है। शिवा ने काफी कोशिश की पर वह नहीं आ रही थी। इसी बात को लेकर उसका झगड़ा भी चल रहा था। मंगलवार की शाम वह घर से पैदल ही निकल गया। उधर इस घटना के बाद से पांच साल के मासूम के सिर से पिता का साया उठ गया।

## संदिग्ध हालात में घर में मृत मिली वृद्धा

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम केवलापुर में बुधवार रात एक वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पाकर मां के पास पहुंची बेटियों की सूचना पर सफदरगंज पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि बुधवार रात गांव की रहने वाली 65 वर्षीय शिवप्यारी पत्नी तेज नरायण की मौत हो गई। गुरूवार को मां की मौत की सूचना पर पहुंची पुत्रियों ने देखा कि मां के नाक व मुंह से खून निकल रहा था, वहीं इकलौता भाई संजय घर से गायब मिला। इन हालातों में बेटियों को संदेह हुआ और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष अमर चौरसिया घटनास्थल पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।


काजल फाइल फोटो।

शव की पहचान सीतापुर के महमूदाबाद थाना क्षेत्र के बरगदिया गांव निवासिनी काजल पुत्री रामजीवन के रूप में हुई। लगभग एक वर्ष पूर्व उसकी शादी मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मझगावां ग्राम पंचायत के मजरे शिवराजपुर निवासी हंसराज पुत्र मोहन से हुई थी। गुरुवार दोपहर काजल का शव उसके घर के कमरे में गमछे के सहारे फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। मृतका के पिता रामजीवन ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में बाइक और नकदी की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उनकी बेटी को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। यह भी आरोप लगाया कि घटना से एक दिन पहले काजल के साथ मारपीट की गई थी, जिसकी जानकारी उसने फोन पर परिजनों को दी। परिजनों को आशंका है कि उनकी बेटी की हत्या कर शव को फांसी के फंदे से लटकाया गया है, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दो अधिवक्ताओं से मारपीट

**बाराबंकी: अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ मारपीट और हमले की दो घटनाएं हुईं। पीड़ितों ने पुलिस में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहला मामला फतेहपुर क्षेत्र का है, जहां के रहने वाले अधिवक्ता हरनाम सिंह (76) ने एक महिला पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, 31 मार्च को तहसील परिसर स्थित उनके चैंबर में घुसकर विपक्षी महिला ने उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वह गिर पड़े। महिला ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मकान अपने नाम करने का दबाव बनाया। दूसरी घटना सतरिख के रसूलपुर दूबे की है। अधिवक्ता उमेशचंद्र, जो कैंसर पीड़ित हैं, ने आरोप लगाया कि वह बुधवार सुबह साइकिल से जा रहे थे, तभी गांव के ही एक युवक ने उन्हें टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी ने लात-घूंसों से मारपीट की।

## विशेष बच्चों के प्रति जागरूकता का संदेश


कार्यक्रम में मौजूद प्रबंधक व अन्य। ● अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहगंज स्थित ग्रामोदय विकास संस्थान में गुरुवार को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर दिया गया। संस्थान के प्रबंधक देवी प्रसाद यादव ने कहा कि ऐसे बच्चों में विशेष प्रतिभा होती है, जिन्हें सही मार्गदर्शन और स्नेह से निखारा जा सकता है। वहीं सचिव कुंवर बहादुर यादव ने संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में विशेष शिक्षक मो. नसीर ने ऑटिज्म के लक्षणों और बच्चों के व्यवहार प्रबंधन की जानकारी दी। इस दौरान शिक्षकों व केयर गिवर्स ने बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। अंत में सभी ने समाज में जागरूकता बढ़ाने और इन बच्चों के लिए समावेशी वातावरण बनाने का संकल्प लिया।

# आग से 50 बीघा गेहूं की फसल राख

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में 50 बीघे खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। इस घटना से करीब ढाई दर्जन किसान प्रभावित हुए। दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने मोर्चा संभाला। तहसील प्रशासन ने नुकसान का आंकलन किया है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के पांडे का पुरवा मजरे इस्लामपुर गांव स्थित खेत में गुरुवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग देवपुरा गांव निवासी एक किसान के खेत से शुरू हुई। पछुआ हवाओं के कारण आग तेजी से फैली और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था।

अग्निकांड में श्यामलाल, हरिशंकर, विद्यावती, रामप्रकाश, हरिशरण, शिवराम, राजेश, शकुंतला, गुड्डू, सहजहां बानो, रामशरण, बद्री विशाल, रमपता और कुलदीप पांडेय सहित लगभग ढाई दर्जन किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। ग्रामीणों ने दोपहर करीब डेढ़ से दो बजे के बीच खेतों में आग लगीं देखी। दमकल की गाड़ी लगभग आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक ग्रामीणों ने काफी हद तक आग पर काबू पा लिया था। घटना की सूचना पर नायब तहसीलदार रामजी द्विवेदी राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट एसडीएम को प्रेषित की जाएगी तथा पीड़ित किसानों को सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।


आग लगने के कारण नष्ट हुई गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

## नहर कटने से खेतों में घुसा पानी

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के शेषपुर मजरे भरहेमऊ में बुधवार देर रात नहर कट जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते पानी किसानों के खेतों में भर गया और कटने के लिए तैयार खड़ी फसल जलमग्न हो गई। हालांकि समय रहते नहर का पानी बंद करा दिया गया, जिससे सैकड़ों बीघे फसल डूबने से बच गई। नहर किनारे वन विभाग द्वारा पौधरोपण के लिए खोदे गए गड्ढों के कारण किनारा कमजोर हो गया था और पानी का दबाव बढ़ते ही नहर कट गई। करीब 25 किसानों की गेहूं की फसल प्रभावित हुई। कई किसानों की कटी हुई गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका है। 7 बिस्वा चने की फसल डूब गई। एसडीएम अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, राजस्व निरीक्षक नानक शरण और लेखपाल संजय वर्मा मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

# ससुराल में विवाहिता की निर्मम पिटाई, गंभीर

**दहेज का लालच**

फतेहपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में दहेज की मांग न पूरी होने पर एक विवाहिता की ससुरालियों ने मिलकर बेरहमी से पिटाई कर दी। उसे मरणासन्न जान मायके पक्ष को लाश ले जाने की बात कही। मायके पक्ष ने विवाहिता को इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बांसा की रहने वाली शायमा का विवाह करीब 13 वर्ष पूर्व फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ब्राहम्णी टोला निवासी इमरान उर्फ टिंकू के साथ हुआ था। विवाहिता के तीन बच्चे भी हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति इमरान और सास मेहरून निशा दहेज की मांग को लेकर शायमा को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता के अनुसार 31 मार्च की रात पति और सास ने मिलकर उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में महिला के हाथ-पैर व सिर में भी गहरी चोट आई, जिससे उसकी हालत नाजुक हो गई। बताया जा रहा कि हमलावरों को जब लगा कि महिला मर चुकी है, तो उन्होंने मायके पक्ष को फोन कर कथित रूप से लाश ले जाने तक की बात कही। सूचना मिलते ही परिजन देर रात मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में शायमा को अपने साथ ले गए। वर्तमान में पीड़िता का इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## हवन, पूर्णाहुति व भंडारे के साथ श्रीराम कथा का समापन


हवन-पूजन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम न्योला चौराहा स्थित निहारिका पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास महेंद्र मृदुल एवं कुलदीप मृदुलांश महाराज ने श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रावण वध के पश्चात भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे, जहां भरत ने उनकी चरण-पादुका रखकर राज्य संचालन किया था। श्रीराम से मिलकर भरत भावुक हो उठे। कथा में बताया गया कि अयोध्या नगरी को दुल्हन की तरह सजाया गया और गुरु वशिष्ठ के निर्देशन में श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारियां की गईं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गुरु वशिष्ठ ने श्रीराम व माता सीता को सिंहासन पर विराजमान कर अभिषेक कराया। इस मौके पर विधायक गौरव रावत, ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, कथा आयोजक डॉ. राघवेंद्र वर्मा, संतोष कुमारी, वीरपाल सिंह, आशुवेंद्र (शुभम वर्मा), वीरेंद्र कुमार वर्मा, अशोक कुमार, रामू वर्मा, आशीष वर्मा (करपिया), दिलीप पटेल, उत्तम कुमार वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**क्रॉप कटिंग** तहसील नवाबगंज के ग्राम लक्षबर बजला में किसान की भूमिका में आए नजर

# डीएम ने काटी गेहूं की फसल, उपल का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी गुरुवार को तहसील नवाबगंज के ग्राम लक्षबर बजहा में एक अलग ही अंदाज में नजर आए। उन्होंने किसान की भूमिका निभाते हुए खेत में उतरकर खुद हंसिया से लहलहाती गेहूं की फसल की कटाई की और बाद में मड़ाई में भी हिस्सा लिया। डीएम को खेत में काम करते देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

डीएम शशांक त्रिपाठी किसान उदय नारायण के खेत में रबी सीजन की गेहूं फसल का आकलन करने पहुंचे थे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह और जिला कृषि अधिकारी राजित राम सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान डीएम ने क्रॉप कटिंग प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया और बताया कि इसी माध्यम से फसल की औसत पैदावार का सही आकलन किया जाता है, जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्रॉप कटिंग के लिए खेतों का चयन रेंडम तरीके से किया जाता है, जिससे आंकड़े निष्पक्ष और विश्वसनीय रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्रॉप कटिंग का कार्य पूरी पारदर्शिता और निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए, ताकि उत्पादन का सटीक आंकलन संभव हो सके। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया न केवल फसल उत्पादन का वास्तविक आकलन करती है, बल्कि फसल बीमा दावों के निस्तारण, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारण और कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने यह भी कहा कि क्रॉप कटिंग के आंकड़ों से विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादन की तुलना संभव होती है, जिससे किसानों को मार्गदर्शन और उनकी आय बढ़ाने के लिए योजनाएं बनाने में मदद मिलती है।


क्रॉप कटिंग करते डीएम शशांक त्रिपाठी। ● अमृत विचार

## पोस्ता व अफीम की खेती का लिया जायजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने तहसील नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम मेंहदीपुर मजरे हरख में पोस्ता व अफीम की खेती का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद किया और अफीम की खेती से होने वाले लाभ व चुनौतियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला अफीम अधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान में कुल 5038 किसान अफीम की खेती कर रहे हैं। इनमें 4269 किसान सीपीएस पद्धति के अंतर्गत प्रति किसान लगभग 5 एयर भूमि पर खेती कर रहे हैं, जबकि 769 किसान पारंपरिक चीरा विधि से 1 एयर भूमि से उत्पादन कर रहे हैं। डीएम ने किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने, उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने और अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वहीं एसपी ने अफीम संग्रहण, भंडारण एवं अवशेष निस्तारण की प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के निर्देश दिये।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोर लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र से एक किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पारा खंदौली निवासी कुसुम लता पत्नी त्रिभुवन यादव का पुत्र प्रियांशु (15) बीते 31 मार्च की शाम 5 बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में भी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद परेशान परिजनों ने थाना कोतवाली जहांगीराबाद में तहरीर देकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। परिजनों का कहना है कि प्रियांशु के अचानक लापता होने से वे बेहद चिंतित हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## नये शिक्षा सत्र का शुभारंभ, बच्चों को बांटी गयीं किताबें

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत बड़ागांव स्थित प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव प्रथम में नवीन शिक्षा सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जैनेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित कर उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य निर्माता हैं और उन्हें बेहतर व उपयोगी शिक्षा प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। नवीन सत्र के दूसरे दिन विद्यालय में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत रैली निकाली गई तथा विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, एआरपी आदित्य कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापिका कहकशां खातून, असफी किदवई, संजय श्रीवास्तव, सुनीता वर्मा, संतोष कुमार, एसएमसी अध्यक्ष नीतू, एजुकेटेड गर्ल्स से जुड़े उदय कुमार वर्मा सहित अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय करौरा में प्रगति पत्र वितरण, पुस्तक वितरण और मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान रिंकी देवी और प्रधानाध्यापिका संगीता तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ किया। समारोह में कक्षा एक से पांच तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी बृजेश वर्मा ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। प्रधानाध्यापिका ने अभिभावकों से सहयोग बनाए रखने व बच्चों का नामांकन करवाने की अपील की। कार्यक्रम में अभिभावकों में अजय चौहान, पप्पू, अयोध्या प्रसाद, राधे श्याम, अनिल चौहान, मोहम्मद इलियास सहित कई लोग उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार से प्रधानाध्यापिका संगीता तिवारी के साथ शिक्षक ज्योति चतुर्वेदी, अखिलेश सिंह और प्रह्लाद कुमार विमल मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## मिट्टी खोदते समय टीला दरका, दबने से कुम्हार की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत मोहान कस्बा के वार्ड-10 के कटरा मोहल्ला निवासी विजय (30) पुत्र रामचंद्र प्रजापति ऑटो चलाने के साथ मिट्टी के बर्तन बनाने के पैतृक कार्य में परिजनों का हाथ बंटाता था। गुरुवार सुबह वह चाक के लिए ऑटो से मिट्टी खोदने मोहल्ले के बाहर निबहरा तालाब गया था। जहां टीला दरकने से वह उसके नीचे दब गया। वापस न लौटने पर तलाश करने के बाद भाई अजय ने पुलिस को इसकी सूचना दी। हाइड्रा से मिट्टी हटाने पर विजय का शव वहां पड़ा देख परिजनों में चीखपुकार मच गई। पति की मौत से पत्नी मोनी बेहाल हो गई। भाई अजय व अनुज आदि परिजन बेहाल रहे। कोतवाल शरद चंद्र ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया मिट्टी में दबने से युवक की मौत होने की बात सामने आई है।

## फंदे से लटकी किशोरी परिजनों ने बीमारी से मौत होने की कही बात

**बीघापुर उन्नाव, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बिसेनमऊ निवासी अन्नू देवी (17) पुत्री कौशल सिंह गुरुवार दोपहर घर के कमरे में फंदे से लटक गई। मां सोनी उसे 100 शैय्या अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर पूनम गुप्ता ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डाक्टर ने बताया कि गले के निशान से हैंगिंग से किशोरी की मौत होना प्रतीत हो रहा है। मेमो बनाकर कोतवाली भेजा गया है। वहीं कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि परिजनों ने किशोरी की मौत बीमारी से होने की बात कही है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर जिले के बालाजी मंदिरों में हुआ हवन-पूजन

### सिविल लाइंस स्थित श्री बालाजी मंदिर में चल रहे धार्मिक अनुष्ठान का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बड़े हनुमान मंदिर में आरती करते पुजारी।



हनुमान जयंती पर होता भंडारा। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** शहर के सिविल लाइंस स्थित श्री बालाजी मंदिर में हनुमान जयंती पर आयोजित 4 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन कन्याभोज व भंडारे के साथ हुआ। इसके अंतिम दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जिसमें भक्तों ने भी माथा टेका।

धार्मिक उत्सव के समापन पर सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला पंचायत प्रतिनिधि शशांक शेखर शनी, भाजपा नेता विमल द्विवेदी, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण भानू मिश्रा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने भी माथा टेककर आर्शिवाद लिया। गुरुवार को विधिविधान से आरती व पूजन के साथ कार्यक्रम का श्रीगणेश हुआ। इसके बाद कन्यापूजन हुआ। मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष महंत गोपाल कृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति की सेवा भावना को जीवंत रखते हैं। कहा कि कन्या पूजन व भंडारा केवल परंपरा नहीं बल्कि समाज में समरसता व एकजुटता लाने का एक माध्यम है। इसमें एसपी जय प्रकाश सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह व सिटी मजिस्ट्रेट ने भी मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### बड़े हनुमान मंदिर में धूमधाम से मना जन्मोत्सव

शहर के मोहल्ला जगन्नाथगंज स्थित प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनी। इसमें बजरंगबली का भव्य श्रृंगार किया गया और विशेष पूजन-अर्चन हुआ। हनुमान जयंती पर मंदिर प्रशासन द्वारा बाबा का विशेष 'अष्टयाम' श्रृंगार किया गया। प्रभु को नए वस्त्र, आभूषणों व फूलों के बंगले से सजाया गया। अलौकिक छवि के दर्शन पाकर भक्त निहाल हो गए। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों व झंडियों से भव्य रूप दिया गया था। गुरुवार सुबह आरती के साथ मंदिर के द्वार भक्तों के लिए खोल दिए गए। जय श्री राम व जय हनुमान के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। दिन चढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। भक्तों ने सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ कर मंगल कामना की।

### मंदिरों में गूंजे जयकारे

सफीपुर में शंकरी देवी हनुमान मंदिर सलींद रोड स्थित लालेश्वर बालाजी मंदिर, मेंहदी खेड़ा के गंदा नाला समीप हनुमान मंदिर व दुबियाना स्थित हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। मंदिरों में हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर पूजन-अर्चन किया गया। पूजन के बाद हुए भंडारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे दिन मंदिरों में भक्ति गीतों व जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रमों के सफल आयोजन में जगन्नाथ सविता, वीरेंद्र मिश्र, सुनील चौरसिया, ओमप्रकाश द्विवेदी, अमित कुशवाहा, नीरज सैनी, आशीष कन्नौजिया आदि का विशेष सहयोग रहा।



संकट मोचन हनुमान मंदिर में बाबा का हुआ श्रृंगार। • अमृत विचार

### मंदिरों में हुआ भव्य श्रंगार बांटा गया प्रसाद

शुक्लागंज में हनुमान जन्मोत्सव पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में बाबा का भव्य श्रंगार व सुंदरकांड का पाठ हुआ। जगह-जगह बंट रहे प्रसाद को लोगों ने चखा। शाम को सभी हनुमान मंदिरों में बाबा की आरती की गई।

गुरुवार को सुंदरकांड की चौपाई के साथ श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर गुणगान हुआ। ऋषि आश्रम में बाबा के भव्य श्रंगार के साथ सुंदरकांड का आयोजन भी हुआ। वहीं बाला जी मंदिर में श्रंगार कर प्रसाद वितरण किया गया। राजमार्ग स्थित अशोक वाटिका मंदिर में भव्य श्रंगार व प्रसाद वितरण हुआ। पोनी रोड तिराहा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ के साथ बाबा की भव्य झांकी सजाकर प्रसाद वितरण हुआ। इसमें पर सोनू सैनी, अर्जुन साहू, विशाल गुप्ता आदि रहे। वहीं राजमार्ग स्थित श्री दुर्गा मंदिर में सुंदरकांड हुआ। इसके बाद बाबा को चोला चढ़ाकर श्रंगार किया गया। इस दौरान प्रसाद वितरण भी हुआ। वहीं, नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में भव्य श्रंगार कर बाबा को चोला चढ़ाया गया। कई जगह भंडारे में शर्बत बांटा गया। पिपरी स्थित बड़े हनुमान मंदिर में बाबा का श्रंगार कर प्रसाद बांटा गया।

### नमामि गंगे घाट पर हुआ सुंदरकांड पाठ

नित्य गंगा आरती सेवा समिति के तत्वावधान में शाम को हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड पाठ हुआ। समिति सदस्यों के अलावा गंगाभक्त व नगर के विभिन्न क्षेत्र से आये भक्तों ने संदरकांड चौपाई का श्रवण कर अपने को कृतार्थ किया। जहां शिल्पी राकेश दीक्षित, शिवराम राजपूत के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## चैत्र मास की पूर्णमासी पर हुई चैतवर मेले की शुरुआत

**नवाबगंज, उन्नाव :** कस्बे के पैराणिक दुर्गा माता मंदिर के पास चैत्र मास की पूर्णमासी पर लगने वाले चैतवर मेले का शुभारंभ गुरुवार भोरपहर माता के जयकारों से हुआ। इसकी तैयारियों में लगी मेला कमेटी ने मेला परिसर को लाइटों, गुब्बारों व माता की झंडियों से सजाया। शाम को निकली माता की ज्योति में हजारों मेलार्थियों का तांता दर्शन के लिए लगा रहा। बता दें कि हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णमासी को नवाबगंज कस्बे के पछियांव मोहल्ला स्थित पौराणिक दुर्गा माता मंदिर में लगने वाले मेले की शुरुआत गुरुवार भोरपहर लखनऊ, कानपुर व उन्नाव सहित अन्य जिलों से आने वाले हजारों मेलार्थियों द्वारा माता के जयकारों के साथ हुई। मेला कमेटी द्वारा मेला परिसर को लाइटों, गुब्बारो व माता की झंडियों से सजाया गया। पहले दिन दुर्गा माता व कुशहरी माता का भव्य श्रंगार कर आरती हुई। इसके बाद समिति के तत्वावधान में राधा-कृष्ण व दुर्गा माता की सजीव झाकियों के साथ हाथी, घोड़े व ऊंट के साथ ज्योति शाम को मेला परिसर से होती हुई कुसुम्भी गांव की नहर तक गई। जहां कुशहरी देवी मंदिर से आई ज्योति से अदला बदली कर वापस मंदिरों में स्थापित की गई। इसमें कोच अजय सिंह के साथ एनसीसी कैडेट्स भी साथ रहे। इस दौरान विधायक बृजेश रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह, राजेंद्र द्विवेदी, सुशील श्रीवास्तव, पुजारी आशु सिंह, मोनू सिंह, गौरव सिंह, मेला कमेटी से विजय श्रीवास्तव, सोनू दीक्षित, रोहित गुप्ता, अंकित राठौर, पंकज विश्वकर्मा आदि रहे। वहीं अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह व चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिये फोर्स के साथ मौजूद रहे।



मेले की शुरुआत के दौरान मौजूद विधायक व अन्य।

## चैत्र पूर्णमासी पर गंगा स्नान को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**शुक्लागंज, उन्नाव :** चैत्र पूर्णमासी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की गंगातटों पर भीड़ देखने को मिली। जहां श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ तट पर भगवान सत्यनारायण की कथा का भी श्रवण किया। वहीं तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की। चैत्र पूर्णमासी होने से गुरुवार सुबह से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया और नगर के सभी घाटों पर खासी भीड़ देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगातट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के साथ सत्य नारायन की कथा भी सुनी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों से खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से दोपहर तक श्रद्धालु स्नान करते रहे। आचार्यों ने कहा कि चैत्र पूर्णिमा पर हनुमान जी का जन्म हुआ था। इसलिए इसका विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान श्री हनुमान प्रभु श्री राम के सहयोग के लिए धरती पर जन्मे थे। यह भी मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी की पूजा करने से हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है। अगर आप इस दिन चैत्र पूर्णिमा का व्रत रख रहे हैं तो इस पौराणिक कथा का श्रवण करना शुभ होता है।



पूर्णमासी पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

# गैस के लिए भड़का गुस्सा, इंडेन एजेंसी पर तीसरे दिन भी हंगामा

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर गुरुवार को एक बार फिर राजमार्ग स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूटा। कई दिनों से सिलेंडर न मिलने से परेशान लोगों ने एजेंसी के बाहर जमकर हंगामा किया और नारेबाजी कर विरोध जताया।

- उपभोक्ताओं ने नारेबाजी करके जताया विरोध

उपभोक्ताओं का आरोप था कि ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो रही है। लोग कई-कई दिनों से एजेंसी व गोदाम के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन उन्हें सिर्फ बहाने सुनाए जा रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने कालाबाजारी का भी आरोप लगाया। कहा कि खुलेआम लूट हो रही है और जिम्मेदार चुप्पी साधे हैं। बताया जा रहा है कि एक दिन पहले भी मगरवारा स्थित गोदाम पर इसी तरह का बवाल हुआ था। लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार तीसरे दिन हंगामे से उपभोक्ताओं का सब्र टूटता नजर आया। लोगों का कहना है कि ऑनलाइन सिस्टम भी सही काम नहीं कर रहा। जिससे उपभोक्ताओं की बुकिंग तक नहीं हो पा रही है। ऐसे में आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# आग ने गांव के तीन दर्जन घरों को चपेट में लिया

बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगा नदी के किनारे स्थित एक गांव में गुरुवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसमें गांव के करीब सभी घरों की गृहस्थी जल कर स्वाहा हो गई। इसमें करीब 50 लाख का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का आंकलन किया। ग्रामीणों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव फरीदपुर कट्टर के मजरा मल्लाहन पुरवा में गुरुवार शाम साढ़े 5 बजे अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार गांव के पश्चिम स्थित एक घर में अचानक लपटें व धुआं उठने लगा। यह देख ग्रामीण शोर मचाते हुए वहां पहुंचे और बाल्टियों से पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। किंतु विकराल रूप ले चुकी आग ने गांव के लगभग सभी घरों को चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। किंतु तब तक करीब तीन दर्जन घरों में रखी नगदी, जेवर व गृहस्थी सहित 50 लाख का सामान स्वाहा हो गया। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने लेखपाल प्रवीण कुमार व अन्य राजस्व कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन किया है।



बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाते ग्रामीण। • अमृत विचार

- 50 लाख रुपये के नुकसान का लगाया जा रहा अनुमान

### आग से इनके परिवार हुए प्रभावित

आग लगने से गांव निवासी सूरजपाल, छेदीलाल, रंजीत, राज, दयाराम, दिनेश, प्रकाश, राकेश, राजाराम, धर्मपाल, विकास, मदन, कल्लू, ललित, सिपाहीलाल, लालू कुमार, सर्वेश कुमार, नन्ही देवी, हरिराम, राजकुमार, त्रिलोकीनाथ, विनोद कुमार, रामखेलावन, कन्हैयालाल, सिपाहीलाल, प्रमोद, ठाकुर, मोहन, दिनेश कुमार व पप्पू के घरों को नुकसान हुआ है।

## कटेहरू पीएचसी में पानी को मोहताज मरीज

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र की कटेहरू पीएचसी सिस्टम की संवेदनहीनता की कहानी बयां कर रहा है। भीषण गर्मी में जहां पानी जीवन की सबसे बड़ी जरूरत है इस स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को एक बूंद पानी तक नहीं मिल रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह बदहाली उस जिले की है जिसे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का करीबी क्षेत्र माना जाता है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग की कुंभकर्णीय नींद टूट नहीं रही है। भाजपा सरकार के 10 साल के शासन व स्वास्थ्य सुधार के तमाम वादे यहां दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। डॉक्टरों की तैनाती के बावजूद न बिजली की सही व्यवस्था है, न शौचालय और न ही पीने का साफ पानी है। अस्पताल भवन इतना जर्जर है कि वह कभी भी गिर सकता है। टूटी बाउंड्री वॉल व परिसर में उगी घास विभागीय लापरवाही की गवाही दे रही है। डॉक्टरों के रहने के लिए बने आवास कूड़े के ढेर में तब्दील हो चुके हैं। जिससे साफ पता चलता है कि स्वच्छता अभियान की यहां क्या स्थिति है।



शोपीस बनी पानी की टंकी। • अमृत विचार

## पागल कुत्ते ने 6 लोगों को काटा, दहशत में मोहल्ला

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के सुभाष नगर में गुरुवार को पागल कुत्ते के आतंक से लोगों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार स्थानीय निवासी पूजा सिंह के घर के पास एक मादा कुत्ते ने कुछ समय पहले बच्चों को जन्म दिया था। पशु प्रेमी होने के चलते पूजा सिंह उसकी देखभाल कर रही थीं। तभी कुत्ता अचानक आक्रामक हो गया और उसने हमला करना शुरू कर दिया। उसने दो दिनों में 10 वर्षीय गौरांग, 40 वर्षीय नन्हू, 9 वर्षीय युवराज, 42 वर्षीय सरफराज व पूजा सिंह समेत करीब आधा दर्जन लोगों को काट लिया। इन घटनाओं से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया। इससे आक्रोशित व डरे लोग लाठी-डंडे लेकर घरों से बाहर निकल आए और नगर पालिका गंगाघाट को सूचना दी। सूचना पर पालिका की टीम पहुंची और काफी मशक्कत के बाद कुत्ते को पकड़ लिया। इसके बाद उसे नगर से दूर जंगल में छोड़ दिया गया।

## हाईवे किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे गुरुवार को एक भवन निर्माण में लगे मजदूर का शव हाइवे किनारे झाड़ी में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को जांच में जाहिरा चोट नहीं मिली। पहचान कराकर पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मुड़ेरा गांव निवासी कल्लू उर्फ रामकुमार (50) पुत्र स्व. सुंदर मजदूरी करता था। पत्नी रामवती के मुताबिक इस समय वह अजगैन कोतवाली क्षेत्र लखनऊ-कानपुर हाईवे पर एक होटल व रेस्टोरेंट संचालक के निर्माणाधीन भवन में मजदूरी कर रहा था। वह अक्सर वहीं रुक जाता था। गुरुवार को हाईवे पार कर दूसरी लेन किनारे मलाव गांव के सीमा क्षेत्र में झाड़ियों में उसका शव पड़ा मिला। दरोगा मोर मुकुट पांडेय को जांच में कोई जाहिरा चोट नहीं मिली। पुलिस ने प्रधान के जरिए परिजनों को सूचना दी। पत्नी रामवती की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पति की मौत से पत्नी व बच्चों को रो-रोकर बुरा हाल है।

# गुणवत्तापूर्ण हो जनगणना का कार्यः डीएम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बैठक में कहा कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना 22 मई से 20 जून 2026 तक, स्वगणना 7 मई से 21 मई 2026 तक होगी। द्वितीय चरण की जनगणना 9 से 28 फरवरी 2027 तक होगी।

डीएम ने कहा कि जनगणना संबंधित सभी तैयारियों को समय से कर लिया जाए। कहा कि स्व जनगणना के तहत कोई भी सामान्य निवासी पोर्टल के माध्यम से गणना प्रश्नावली भर सकता है। इसी प्रकार स्व गणना हेतु सामान्य निवासी जिस स्थान/मकान के लिए गणना कर रहा है। उसकी ऑनलाइन लोकेशन पोर्टल पर टैग करना होगा। ऑनलाइन जनगणना प्रश्नावली पूर्ण करने के बाद स्व गणना कर्ता को एक संदर्भ नम्बर एसई आईडी प्राप्त होगी। कहा कि जनगणना सम्बन्धी प्रशिक्षण अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से दिया जाए। बैठक में सचिव उन्नाव-विकास प्राधिकरण शुभम यादव, एसडीएम सदर, एसडीएम हसनगंज, बीघापुर, पुरवा व सफीपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी व शासन से भेजे गए जिला जनगणना समन्वयक व जिला जनगणना अधिकारी व चार्ज अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। • अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** भाई व भतीजी के साथ दवा लेने जाते समय तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी में बैठी महिला उछलकर सड़क पर गिर गई। तभी ट्रक उसे रौंदते हुए निकल गया। हादसा इतना वीभत्स था कि महिला का सिर गर्दन से अलग हो गया। यह देख वहां मौजूद लोग सिहर गए। इसमें महिला का भाई भी चोटहिल हो गया। संयोग रहा कि 5 वर्षीय बच्ची बाल-बाल बच गई। सदर कोतवाली पुलिस ने शव मोर्चरी भेजकर टक्कर मारकर भागे ट्रक की तलाश शुरू की है।

सदर कोतवाली अंतर्गत छिपियाना मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद के पास रहने वाली फरीन फातिमा (27) पत्नी दिलशाद गुरुवार सुबह 11 बजे मोहल्ला निवासी भाई लईक पुत्र खलीक के साथ मरहला चौराहा के पास स्थित एक निजी डॉक्टर के क्लीनक से दवा लेने जा रही थी। साथ में उसकी बहन जरीन फातिमा की 5 साल की बेटी जारा भी थी। तभी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नहर बाजार के पास पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे फरीन उछलकर सड़क पर गिर गई और ट्रक उसे रौंदते हुए भाग निकला। लेकिन बहन का सिर गर्दन से अलग देख वह अचेत हो गया। हालांकि हादसे में जारा बाल-बाल बच गई। दरोगा करुणा शंकर श्रीवास्तव ने किसी तरह शव किट बैग में भरवाकर मोर्चरी भेजा। पहले परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया लेकिन कोतवाली प्रभारी व क्राइम इंस्पेक्टर ने उन्हें समझाया। फरीन का पति दिलशाद दुबई में मजदूरी करता है।



फरीन फातिमा की फाइल फोटो।

- तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर बनी हादसे की वजह

बार चुनाव

**रेलवे के आला अधिकारियों की मौजूदगी में कानपुर साइड से गिट्टियां हटाने व जर्जर ट्रफ व स्लीपर निकालने का काम शुरू हुआ, एडीआरएम ने पुश ट्रॉली से पुल का निरीक्षण कर कानपुर छोर तक स्थिति देखी**

# गंगा ब्रिज डाउन लाइन पर एच-बीम स्लीपर डालने का कार्य शुरू, 42 दिन का मेगा ब्लॉक लागू

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगा रेलवे ब्रिज की डाउन लाइन पर जर्जर ट्रफ व पुराने स्लीपर बदलने का कार्य गुरुवार से शुरू हो गया। रेलवे के उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में पहले दिन से ही कार्य ने गति पकड़ ली। कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए 42 दिनों का मेगा ब्लॉक लिया गया है। इसके तहत रोज निर्धारित समय पर काम होगा।

बता दें कि गुरुवार सुबह से पुल पर गतिविधियां तेज हो गईं। एडीआरएम नीलिमा सिंह, एडीआरएम 1 शूरवीर सिंह चौहान, डिप्टी चीफ इंजीनियर ब्रिज नितिन मंगवाल, एक्सक्लूसिव इंजीनियर रामलखन सचान, सीनियर डीईएन राहुल सिंह, डीईएन 5 प्रवीण सिंह, डिप्टी ब्रिज नितिन, एसएससी ब्रिज नवनीत यादव, जेई ब्रिज रविंद्र शर्मा, जेई ब्रिज अखिलेश पाठक आदि रेलवे अधिकारी पहुंचे और कार्य का जायजा लिया। एडीआरएम ने पुश ट्रॉली से पुल का निरीक्षण कर कानपुर छोर तक स्थिति देखी। अधिकारियों की मौजूदगी में कानपुर साइड से गिट्टियां हटाने व जर्जर ट्रफ व स्लीपर निकालने का काम शुरू हुआ। रेलवे ने परियोजना को समय से पूरा करने के लिए करीब 200 कर्मियों व अधिकारियों की टीम तैनात की है। सुबह से शाम तक कार्य चलता रहा जबकि अप लाइन पर ट्रेनों का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। सुरक्षा के मद्देनजर हर स्तर पर निगरानी व सतर्कता बरती जा रही है। बताया गया कि बुधवार को ही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। पुल पर कम्प्रेसर, ब्लास्टर मशीन, वेल्डिंग उपकरण व अन्य जरूरी संसाधन पहले ही पहुंचा दिए गए थे। जिससे गुरुवार को बिना देरी के काम शुरू हो सका। अफसरों का कहना है कि कार्य पुल की मजबूती व ट्रेनों की सुरक्षित आवाजाही के लिए बेहद जरूरी है। पुराने और कमजोर हो चुके ट्रफ व स्लीपरों को हटाकर एच-बीम चैनल स्लीपर लगाए जा रहे हैं, जिससे ट्रैक की आयु और स्थायित्व बढ़ेगा।



कार्य के दौरान पुल पर मौजूद एडीआरएम व अन्य अधिकारी। • अमृत विचार

### ड्रोन कैमरे से हो रही निगरानी

पूरे कार्य की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जा रही है। वहीं, वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। जिसे कार्य पूर्ण होने के बाद डीआरएम कार्यालय भेजा जाएगा। इससे पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

### पहले दिन 40 एच-बीम स्लीपर लगाए गए

मेगा ब्लॉक के पहले दिन सुबह 10 :10 बजे कार्य शुरू हुआ। जो शाम 6 :10 बजे तक चला। इस दौरान करीब 35 से 40 एच-बीम स्लीपर सफलतापूर्वक लगाए गए। कार्य समाप्ति के बाद स्टेशन को मेमो भेजकर ब्लॉक समाप्त किया गया।

### आधुनिक मशीनों से तेज हुआ काम

पुराने ट्रफ व स्लीपर हटाने के लिए ब्लास्टर मशीन से रिपिट काटी जा रही है। जबकि वेल्डिंग मशीन से ज्वाइंट अलग किए जा रहे हैं। गैस सिलेंडर की कमी के बावजूद उपलब्ध संसाधनों से ट्रफ काटने का कार्य जारी है। जिससे काम तेज हा रहा है।

### सुरक्षा के लिए हूटर और अलर्ट सिस्टम

कार्य के दौरान अप लाइन पर ट्रेनो संचालन जारी है। दुर्घटना से बचने के लिए कानपुर छोर पर हूटर लगाया गया है। ट्रेन आने से पहले हूटर बजाकर कर्मियों को सतर्क करने के साथ अप लाइन पर लाल कपड़ा लगाकर भी संकेत दिया जा रहा है।

### 500 एमएम दूरी पर लगाए जा रहे स्लीपर

डाउन लाइन पर हर 500 मिमी पर एच-बीम चैनल स्लीपर लगाए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया के तहत पहले लोहे की चादर बिछाई जाती है फिर उस पर रबर पैड रखकर स्लीपर फिट किए जाते हैं। जिससे ट्रैक अधिक मजबूत और टिकाऊ बन सके।

### चरणबद्ध तरीके से हो रहा कार्य

कार्य पुराने जर्जर ट्रफ की लोहे की चादर काटकर हटाने से शुरू होता है। इसके बाद प्रेशर मशीन से जंग हटाई जाती है और प्राइमर लगाया जाता है। फिर नई चादर डालकर रबर पैड बिछाया जाता है। फिर एच-बीम स्लीपर फिट किए जाते हैं।

### मेगा ब्लाक से 10 की स्पीड से गुजरीं ट्रेनें

शाम को 6 :10 बजे मेगा ब्लॉक समाप्त हुआ। इसके बाद कानपुर की ओर से डाउन लाइन पर पहले 10 की स्पीड से मालगाड़ी गुजारी गई। इसके बाद प्रतापगढ़ इंटरसिटी को रवाना किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष बने ब्रजेश

**हरपालपुर,हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड के निवासी ब्रजेश सिंह टिंकू फौजी को करणी सेना का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर उनके समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रदेश संगठन मंत्री वीरप्रताप सिंह ने ब्रजेश सिंह टिंकू फौजी निवासी बरनई चतरखा विकास खण्ड सांडी जनपद हरदोई को करणी सेना का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

### एंटी रोमियो टीम ने किया मनचले को गिरफ्तार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली की एंटी रोमियो टीम ने बुधवार की शाम को बस स्टैंड चौराहे से राहगीर महिलाओं पर अश्लील कमेंट करने वाले मनचले को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की है। मुखबिर की सूचना पर एंटी रोमियो टीम ने बस स्टैंड चौराहा मौलागंज से मझिला थाना के ग्राम आदमपुर निवासी शैलेन्द्र को आती-जाती महिलाओं और युवतियों पर अश्लील फब्तियां कसते हुए मौके पर गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### हत्यारोपित को जमानत नहीं

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला न्यायाधीश रीता कौशिक ने हत्या के मामले में आरोपित की जमानत अर्जी अर्जी खारिज कर दी। शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में थाना हरपालपुर क्षेत्र के अर्जुनपुर निवासी रामेंद्र सिंह ने जमानत अर्जी पेश करते हुए कहा कि उसे पार्टी बंदी और राजनीतिक रंजिश के कारण झूठा फंसाया गया है, आरोप है कि 18 जनवरी 2026 को रामेंद्र ने अपने भाई सामेंद्रा प्रधान पति व अन्य साथियों के साथ मिलकर अरविंद को गाली-गलौज किया। उसके पिता अशोक कुमार ने रोका तो सभी ने अशोक को मारा पीटा। गंभीर रूप से घायल अशोक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

# धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** श्री राम जानकी मंदिर नवीन गल्ला मंडी में गुरुवार को श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। चैत्र मास शुक्ल पक्ष तिथि पूर्णिमा के दिन श्री हनुमान जी महाराज का जन्म हुआ था। उसी उपलक्ष में प्रत्येक वर्ष सभी सनातनी भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव मानते हैं। सभी भक्तों ने अपने-अपने ढंग से श्री हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन वंदन व प्रार्थना स्तुति कर अपने अपने परिवार के कुशलता, सुख समृद्धि, संपन्नता व शांति के लिए हनुमान जी महाराज से प्रार्थना की। सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ बड़े भक्ति भाव से किया। हनुमान जी महाराज का पूजन व महा अभिषेक सपत्नीक राकेश अग्रवाल व मीरा अग्रवाल ने दूध, दही, घी, मधु और चीनी तथा पंचामृत से महाअभिषेक व स्नान कराया। पूजन वैदिक मंत्र द्वारा षोडशोपचार विधि से पुजारी मैथिली शरण शास्त्री ने संपन्न कराया। हनुमान जी का अद्भुत श्रंगार हुआ। छप्पन भोग लगाकर नैवेद्यअर्पण किया गया । जन्म की महारती हुई इसके बाद प्रार्थना स्तुति भजन एवं बधाई गाये गए ।। प्रसाद वितरण किया गया। पुजारी जी ने सभी भक्तों को जन्म दिवस की बधाई दी। सहयोग में पंडित विनीत पांडे एवं पंडित श्याम सुंदर शुक्ला रहे।



श्री हनुमान जी आरती उतारते पुजारी मैथिली शरण।



भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# सुंदरकांड पाठ के बाद हुआ भंडारा

**हरदोई, अमृत विचार।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एसएसएन जनकल्याण समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भव्य भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक माहौल को भक्तिमय बना दिया। सुंदरकांड पाठ के दौरान वातावरण "जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोष से गूंज उठा, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक अरविन्द कुमार सिंह एडवोकेट, प्रदेश अध्यक्ष मीना टंडन , प्रदेश महासचिव कल्पना तिवारी दीक्षित, जिला अध्यक्ष डॉ सोहिनी दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर किया । अतिथियों ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद प्राप्त किया और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकता, सेवा और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के कार्यकर्ताओं ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हरपालपुर संवाददाता के अनुसार कस्बे की नया अस्पताल वाली गली स्थित गौरव प्रिंटर्स पर गौरव द्विवेदी के संयोजन में भव्य प्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यहां हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात राहगीरों और श्रद्धालुओं को बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर शुभम शुक्ला, अतुल द्विवेदी,आशुतोष मिश्रा, सिद्धार्थ द्विवेदी, आकाश शर्मा, विमलेश सिंह, अतुल सिंह, गोपाल पांडे, छोटू मिश्रा व भानु सक्सेना सहित तमाम युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया। वहीं, क्षेत्रीय ग्राम पलिया में भी जन्मोत्सव की भारी धूम रही। गांव में कई स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुँचकर प्रसाद ग्रहण किया। भक्तिमय भजनों और सुंदरकांड के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# पीड़ित महिलाओं को दिलाया जाएगा त्वरित न्याय

## कलेक्ट्रेट में आयोजित 'हक की बात' कार्यक्रम में डीएम ने पीड़िताओं की शिकायतें सुनकर दिया भरोसा

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति अभियान के तहत 'हक की बात' जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पारिवारिक एवं अन्य तरह की हिंसा पीड़ित महिलाओं से सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। हक की बात में एक महिला ने अपनी छोटी बच्ची के दिल में छेद होने एवं ईलाज के लिए जिलाधिकारी से प्रार्थना की, जिस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी को से तत्काल उचित ईलाज कराने के निर्देश दियें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कई बेसहारा महिलाओं के ईलाज के आयुष्मान कार्ड एवं पेंशन आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने घरलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के संबंध में कहा कि उनकी समस्याओं का निस्तारण महिला थाने पर दोनो पक्षों बुलाकर मिशन शक्ति के अन्तर्गत सुलह-समझौता के आधार पर कराया जायेगा। उन्होने जिन महिलाओं का समझौता नहीं होता है तो वह परिवारवाद अदालत में वाद दायर कर अपनी समस्या का समाधान करायें। कार्यक्रम में सीडीओ सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, प्रोबेशन विभाग से वरिष्ठ सहायक सतीश कुमार, सुभम व प्रियंका, पत्रकार बन्धु एवं पीड़ित महिलायें आदि उपस्थित रहे।



पीड़ित महिला से जानकारी लेते जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार

### गांधी भवन के बाहर बनेंगी दुकानें : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** गांधी भवन जनकल्याण समिति की बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों से कहा कि गांधी भवन के साज-सज्जा एवं बेहतर रख-रखाव के लिए समिति की आय में बढोत्तरी करने के लिए गांधी भवन के किनारे टीनशेड दुकानों के निर्माण कराया जायेगा, यह दुकाने फोटो स्टेट, कापी-किताब, खादी भण्डार, मेडिकल स्टोर आदि के लिए दी जाएंगी। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्टेट सुनील कुमार त्रिवेदी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, समिति के लल्लू दादा, अविनाश गुप्ता, राम प्रकाश शुक्ला सहित अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### डीएम ने जन सनुवाई में सुनीं 79 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में गुरुवार को कुल 79 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। जन सुनवाई मे आज एक महिला को निराश्रित महिला एवं एक वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाने को निर्देशित किया गया। उपजिलाधिकारी न्यायिक भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 7.5 लाख के जेवर और डेढ़ लाख कैश के साथ युवती गायब

**हरदोई, अमृत विचार।** 20 वर्षीय युवती 7 लाख के ज़ेवर और डेढ़ लाख नकदी लेकर घर से फरार हो गई। 0पिता ने गुरुवार को नोएडा के शादीशुदा युवक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया है। पुलिस दोनों को तलाश कर रही है। पिहानी कोतवाली के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि 30 मार्च की सुबह उसकी 20 और 14 वर्षीय दो बेटियां घर से निकलीं थीं। 14 वर्षीय छोटी बेटी अपने स्कूल चली गई और छुट्टी के बाद घर आ गई थी। लेकिन 20 वर्षीय बड़ी बेटी शाम तक वापस नहीं लौटी। आसपास और रिश्तेदारी में तलाश किया गया, लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा। उसी बीच चला कि नोएडा के सेक्टर-73 अशर्फाबाद राधा कृष्ण कॉलोनी निवासी तेजपाल सिंह उर्फ अंकित पेंटर उसकी बेटी को बहलाकर अपने साथ ले गया है।

# ईएमटी दिवस : एंबुलेंसकर्मी सम्मानित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ईएमटी दिवस के अवसर पर सीएमओ कार्यालय में 102 एवं 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 एंबुलेंस कर्मियों को मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. भवनाथ ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को प्रदान किया गया है। साथ ही अन्य कर्मचारियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया गया। जिले में 102 एवं 108 एंबुलेंस सेवा अपने त्वरित रिस्पांस के लिए जानी जाती है। किसी भी मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में इन सेवाओं का 24 घंटे निःशुल्क लाभ लिया जा सकता है। जिला प्रोग्राम मैनेजर राजकपूर ने बताया कि चयनित कर्मियों ने न केवल समय पर रिस्पांस दिया, बल्कि अन्य सेवाओं में भी सराहनीय योगदान किया है। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. भवनाथ ने सभी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में ईएमटी सुनील कुमार, अनुराग वर्मा, संदीप गुप्ता, सच्चिदानंद, रवीश कुमार, हरि शंकर, शनिदेव एवं पंकज कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।



कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देते सीएमओ। अमृत विचार

# हैण्डपंप पर नहाने गए युवक की करंट की चपेट में आकर मौत

**हरदोई, बिलग्राम, अमृत विचार।** घर में अकेला युवक नहाने के लिए हैण्डपंप से पानी भर रहा था,तभी अचानक करंट उतर आने से वह चपेट में आ गया,वहां कोई पहुंचता,उससे पहले वहीं पर उसकी तड़प कर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है,जांच की जा रही है।

बताया गया है कि बिलग्राम कोतवाली के नाऊपुरवा मजरा पसनेर निवासी 45 वर्षीय महेंद्र पुत्र रिक्खा अपने 6 भाइयों में छोटा था,पिता की पहले ही मौत हो चुकी थी। खेती-बाड़ी कर रहे महेंद्र ने शादी नहीं की थी। उसके बड़े भाई लालाराम ने बताया कि गुरुवार की सुबह महेंद्र खेत से घर लौटा और नहाने के लिए हैण्डपंप से पानी भरने लगा,उसी बीच हैण्डपंप में लगे टुल्लू के कनेक्शन से उसके पाइप में करंट उतर आने से वह उसकी चपेट मे. आ गया,वह घर में अकेला था,इस वजह से बचाव नहीं हो सका,नतीजतन उसकी वहीं तड़प कर मौत हो गई। इसका पता तब हुआ,जब घर वाले खेत से वापस लौटे। पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है,हादसे की जांच की जा रही है।

# सिद्धनाथ मंदिर तक पहुंची बिजली

**अतरौली, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड भरावन के आदि गंगा गोमती तट किनारे लालपुर खाले गांव में स्थित सिद्धनाथ बाबा मंदिर में आखिरकार कई वर्षों के इंतजार के बाद पहुंची विद्युत व्यवस्था की तैयारियां चल रही है। एमएलसी अशोक अग्रवाल के अथक प्रयास से जगमग होंगे। आजादी से आज तक सिद्धनाथ बाबा मन्दिर में विद्युत व्यवस्था आज तक न पहुंची थी, जबकि सिद्धनाथ बाबा मन्दिर क्षेत्र का प्राचीन मन्दिर है जहां प्रतिदिन दर्जनों श्रद्धालुओ का आवागमन रहता है। रात्रि में सीताराम जाप सोलर लाइट के सहारे किया जाता है। अब सावन में आने वाले कावड़ियों को रात्रि में रुकने में सहूलियत होगी। अब तक कम रोशनी के कारण रात्रि में कीड़े मकोड़ों का खतरा बना रहता था, वहीं संध्या आरती व रात्रि के समय होने वाले आयोजनों में पहुंचने के लिए भक्तों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र वासियों में ख़ुशी का माहौल है। अतरौली भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह चौहान ने बताया कि विद्युतीकरण की मांग काफी समय से हो रही थी। अब यहां होने वाले रात्रिकालीन कार्यक्रमों में और भी अधिक श्रद्धालु सुगमतापूर्वक पूजा अर्चना कर सकेंगे। भक्त दिनेश सिंह ने बताया कि सिद्धनाथ बाबा के प्रांगण में विद्युत व्यवस्था की पूर्ति होने से आने वाले हजारों भक्तो को रात्रि में रुकने में आराम होगा।




सिद्धनाथ मंदिर का मुख्य द्वार। अमृत विचार

# 7वीं की छात्रा ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर की खुदकुशी

**हरदोई/साण्डी, अमृत विचार।** 7वीं की पढ़ाई कर रही छात्रा ने बुधवार की शाम कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा ली। काफी देर से दिखाई न देने पर उसे खोजा जा रहा था। उसी बीच कमरे में उसका शव लटका दिखा। वहां पहुंची पुलिस ने दरवाज़े खोल कर शव कब्ज़े में लेते हुए पूछताछ की।

साण्डी थाने के धोंधी गांव निवासी रामपाल तीन बेटियों और दो बेटों में सबसे छोटी 17 वर्षीय सुरभि 7वीं की पढ़ाई कर रही थी। बताते है कि बुधवार की शाम मां खाना बना रही थी,बाकी घर वाले खेत पर गए हुए थे। उसी बीच सुरभि घर में नहीं दिखाई दी। मां उसे आवाज़ देते हुए खोजने लगी। तभी कमरे में सुरभि का शव दुपट्टे से फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। मां के चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर पड़ोसी दौड़ पड़े। वहां पहुंचे लोगों ने दरवाज़े में धक्का मारा, जिससे उसकी सिटकनी खुल गई। पुलिस ने शव को बाहर निकाला और इस बाबत पूछताछ की, लेकिन सुरभि के घर वाले कुछ भी बताने से बचाव करते दिखे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षा चौपाल में बच्चे व शिक्षक सम्मानित

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्राम बांसा, न्याय पंचायत बांसा के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गय, जिसमें बेसिक शिक्षा से जुड़ी सभी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मल्लावां ने स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की।

उन्होंने हर वर्ग के अभिभावकों से मौलिक अधिकार के तरह स्कूल में दाखिला कराने के अपील की। वही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आदर्श ग्राम पंचायत बांसा के ग्राम प्रधान संपूर्णानंद ने स्कूलों को रोल मॉडल बनाने की अपील की। उन्होंने बाल सांसद के तहत राष्ट्रीय आयोजनों के बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम होते रहने की अपील की। विशिष्ट अतिथि संपूर्णानंद ने न्याय पंचायत के उत्कृष्ट छात्रों व उनके अभिभावकों को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। शिक्षा चौपाल कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। ग्राम प्रधान ने सेवानिवृत शिक्षकों का भी सम्मान किया। कार्यक्रम में विवेक नोडल संकुल यशवंत, नीरज सिंह, नरेंद्र सिंह, सचिन, विनय, प्रमिला, राम देवी, पिंकी, प्रसून, दीक्षा, मनीषा, पृथ्वेंद्र आदि शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक गण मौजूद रहे।



अतिथियों के साथ सम्मानित बच्चे। अमृत विचार

# पिता से नाराज बेटे ने मां की साड़ी से फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** नशे की हालत में बाप-बेटे के बीच नोंकझोंक हुई। गुस्साए बेटे ने कमरे के अंदर मां की साड़ी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।



कांशीराम कालोनी के ब्लाक-113/1354 निवासी 30 वर्षीय कुशमेष और उसके पिता हरिश्चन्द्र रंगाई-पुताई का काम करते हैं। बताते है कि बुधवार शाम कुशमेष घर पहुंचा। वहां किसी बात पर पिता के साथ नोंकझोंक होने लगी। मां सरला ने बीच-बचाव करते हुए पिता हरिश्चन्द्र को बाहर भेज दिया। कुछ देर बाद छोटा भाई उमेश कमरे में पहुंचा, जहां उसने कुशमेष के शव को मां की साड़ी से फांसी पर लटकते हुए देखा। यूपी-112 पर काल करने पर पहुंची पीआरवी की टीम ने इस बाबत पूछताछ की। शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया गया है। फिलहाल पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

पुलिस ने वीडियोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम कराया। सामने आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने साफ कर दिया कि कुशमेष ने फांसी लगा कर आत्महत्या की।

# महिलाओं को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता को किया जागरूक

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बिलग्राम थाने में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत गुरुवार को ग्राम दिवाली में चौपाल का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1090, 1930, 181, 108 व 102 की जानकारी देते हुए उनके उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान छोटी बालिकाओं को गुड टच और बैड टच के बारे में सरल भाषा में समझाया गया। महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के प्रति सचेत करते हुए बचाव के उपाय बताए गए और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई। कछौना थाना क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम ने कस्बे में व्यापक चेकिंग और जागरूकता अभियान चलाया। उपनिरीक्षक समीक्षा कटियार और महिला कांस्टेबल रीता वर्मा के नेतृत्व में टीम ने कस्बे के विभिन्न भीड़-भाड़ वाले इलाकों और गलियों में गश्त की। भरखनी संवाददाता के अनुसार थाना पचदेवरा पुलिस ने गुरुवार को ग्राम कमालपुर के भसीड़ा में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा तंत्र के प्रति जागरूक किया।




महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिस कर्मी।

### छात्राओं को साइबर ठगों से किया सचेत

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए थाना पुलिस ने गुरुवार को ककरा स्थित मुनेश्वर सिंह इंटर कॉलेज में छात्रों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए और जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उप निरीक्षक अंजना सचान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल साइबर ठग बेहद चतुर और तकनीकी रूप से दक्ष हो गए हैं। वे खुद को बैंक अधिकारी, सीबीआई अधिकारी या कोई प्रतिष्ठित व्यक्ति बताकर फोन, वीडियो कॉल या मैसेज के माध्यम से लोगों से ओटीपी, बैंक डिटेल, आधार, पैन और पासवर्ड जैसी संवेदनशील जानकारी हासिल कर लेते हैं। उन्होंने विशेष रूप से चेताया कि किसी अज्ञात कॉलर को अपनी पहचान न बताएं। बैंक खाता,एटीएम,ओटीपी या पासवर्ड की जानकारी किसी भी हाल में साझा न करें।

# तहसीलों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशों के अनुपालन में जनपद की सभी तहसीलों में महिलाओं की सुरक्षा और सहायता हेतु 'मिशन शक्ति फेज-5' के अंतर्गत महिला हेल्प डेस्क की स्थापना सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश हैं कि शासन की इस प्राथमिकता वाले अभियान का लाभ हर पात्र महिला तक पहुंचना चाहिए।

इसी क्रम में जनपद की समस्त तहसीलों में सक्रिय की गई हेल्प डेस्क के माध्यम से महिला फरियादियों की शिकायतों को न केवल सुना जाएगा, बल्कि उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण भी किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में प्रशासन का यह प्रयास है कि महिलाओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक भाग-दौड़ न करनी पड़े। तहसील स्तर पर स्थापित इन डेस्कों पर तैनात कर्मचारी महिला शिकायतों का विवरण दर्ज करेंगे और संबंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे।




महिला हेल्प डेस्क में शिकायतें सुनतीं कर्मचारी।

न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत




**बिसवां।** बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर सेंट जेवियर स्कूल के नजदीक एक सड़क हादसे में पैदल घर जा रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। बताते हैं कि बिसवां कोतवाली क्षेत्र का खंभापुरवा निवासी विक्रम (50) पुत्र शिवनाथ यादव गांव लौट रहा था। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। पीआरबी-112 पुलिस टीम ने राहगीर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी बिसवां पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ बिसवां अमन सिंह का कहना है कि सार्वजनिक स्थान और भवनों पर लगे सीसीटीवी कैमरे से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### स्कूल व आरोग्य केंद्र के ताले टूटे, चोरी

**महमूदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के भेथरा माधव-1 में चोरों ने एक ही रात में दो सरकारी संस्थानों को अपना निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय और आयुष्मान आरोग्य केंद्र के ताले तोड़कर कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुधा गुप्ता ने बताया कि घटना की जानकारी पहली अप्रैल की सुबह तब हुई जब वह स्कूल पहुंचीं। स्कूल के मुख्य गेट, कार्यालय और कक्षाओं के ताले टूटे मिले। चोरों ने रसोईघर से पांच लीटर का कुकर व अन्य बर्तन चोरी कर लिए। वहीं, स्कूल परिसर में रखे बक्से भी टूटे हुए पाए गए। चोरों ने स्कूल के पास ही स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र के कमरों के ताले भी चटकाए और वहां से भी सामान समेट ले गए। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### मेले से चुरा ले गए मोटर साइकिल

**लहरपुर।** बाजार में चल रहे लहरपुर महोत्सव मेला से बाइक चोरी हो गई, मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के केसरीगंज निवासी अवध बिहारी गुप्ता पुत्र रामस्वरूप गुप्ता के मुताबिक, वो लहरपुर महोत्सव मेला देखने आये थे और अपनी बाइक खड़ी करके मेला देखने चले गए, इसी बीच अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई, मेला देखकर वापस आने पर बाइक मौके से गायब थी। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि नगर चौकी प्रभारी को सीसीटीवी कैमरों की सहायता से बाइक का पता लगाने का निर्देश दिया गया है, शीघ्र ही बाइक चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

### सेंधमारी कर समेटा नकदी और सामान

**संवाददाता बिसवां, अमृत विचार :** बिसवां इलाके के जफराबाद मजरा बेनीपुर में देर रात चोरों ने धावा बोला। आटा चक्की में सेंधमारी कर नकदी व कीमती औजार चोरी कर ले गए। पुलिस पिकेट पर सवाल खड़े किये हैं। बिसवां क्षेत्र के जफराबाद मजरा बेनीपुर गांव में अज्ञात चोरों ने आटा चक्की में सेंध लगाकर नकदी व कीमती औजार चोरी कर लिए। कारोबारी शिवकुमार के मुताबिक, देर रात वो चक्की परिसर में ट्रैक्टर के पास सो रहा था। इसी दौरान चोर खेतों की ओर से पीछे से घुसे, दीवार में सेंध काटते हुए अंदर प्रवेश किया। चक्की में रखे बक्से को शातिरों ने अपने कब्जे में लिया। दावा है कि बक्से में छह हजार रुपये नकद व सामान रखा था, जिसे लेकर चोर फरार हो गए। तालाब किनारे खाली बक्सा मिला, जबकि नकदी और सामान गायब था। प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया घटना की जांच की जा रही है, तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि, लेखाकार को नोटिस

## विकास खण्ड हरगांव का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, मिलीं खामियां

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकास खंड हरगांव कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं में भारी खामियां मिलने पर एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि और लेखाकार को नोटिस दिए जाने के निर्देश जारी किये।

डीएम ने समाज कल्याण पटल पर पेंशनरों की रिपोर्ट अद्यतन न होने पर बीडीओ को हर चौथे रविवार को कैंप लगाने के निर्देश दिए। लेखाकार कक्ष में ग्रांट रजिस्टरों में कमियां मिलने और जेई व बीडीओ की निरीक्षण आख्या न होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई। सबसे खराब स्थिति मनरेगा और पंचायत पटल पर मिली। मनरेगा पत्रावलियों में निर्माण कार्यों की फोटोग्राफ और निरीक्षण आख्या गायब होने पर डीएम ने सहायक लेखाकार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं, मास्टर रजिस्टर में कमियां पाए जाने पर एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि एडवर्स एंट्री जारी करने का आदेश दिया। डीएम ने एनआरएलएम पटल पर स्वयं सहायता समूह की प्रगति संतोषजनक न होने पर बीडीओ को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी। इस दौरान बीडीओ विवेक मणि त्रिपाठी सहित अन्य ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।



रजिस्टर का अवलोकन कर सवाल करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

## भुगतान लंबित होने पर ईओ व जेई का वेतन रोका

**कार्यालय संवाददाता सीतापुर। अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट में निकाय विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कार्यों में लापरवाही और वित्तीय वर्ष 2023-24 का भुगतान लंबित होने पर उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए तंबौर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी व जेई का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही वाटर कूलर स्थापना कार्य अपूर्ण मिलने पर संबंधित कार्यदायी संस्था को ब्लैकलिस्ट करने को कहा। डीएम ने कड़े निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए मुख्य चौराहों के 150 मीटर दायरे में अभियान चलाने, बेसहारा गोवंश को तीन दिन में संरक्षित करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम नीतीश कुमार सिंह सहित सभी निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों की जानकारी लेते डीएम।

## ट्रेन की चपेट में आने से एसी मैकेनिक की मौत

**कमलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मुकीमपुर गांव के पास सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक का शव कई टुकड़ों में बिखर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त अक्षय कनौजिया (22) पुत्र प्यारे लाल, निवासी बरिया गांव, जनपद अयोध्या के रूप में हुई है। अक्षय लखनऊ में रहकर एसी रिपेयरिंग मैकेनिक का काम करता था। बताया जा रहा है कि सिधौली के कंदुनी गांव में उसके कुछ रिश्तेदार रहते हैं।

# फरार आरोपी दोबारा गिरफ्तार दो सिपाही किए गए निलंबित

संवाददाता, बिसवां।

**अमृत विचार :** थाना सकरन पुलिस की अभिरक्षा से फरार हुए एक वांछित अभियुक्त को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पुनः गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। लापरवाही बरतने के मामले में दो सिपाही निलंबित कर दिए गए हैं।

क्षेत्राधिकारी बिसवां, अमन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली अप्रैल को थाना सकरन में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 98/26 के नामजद अभियुक्त इश्तियाक खान को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम उसे चिकित्सीय परीक्षण मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी साण्डा ले गई थी। इसी दौरान अभियुक्त पुलिस को चकमा देकर वहां से फरार हो गया था। घटना के बाद पुलिस सक्रिय हुई और सघन तलाशी अभियान चलाया गया। आरोपी इश्तियाक खान को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गए आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। उधर, एसपी अंकुर अग्रवाल ने मुख्य आरक्षी अनिल कुमार और आरक्षी शिवम को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## हत्या के आरोपी को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा

**सीतापुर।** पुलिस की प्रभावी पैरवी और 'ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत न्यायालय ने हत्या के एक पुराने मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वर्ष 2013 में थाना कोतवाली नगर में दर्ज हत्या के मुकदमे में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में गुणवत्तापूर्ण विवेचना व अभियोजन विभाग द्वारा ठोस पैरवी की गई। इसके परिणामस्वरूप, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-7 ने अभियुक्त राजेश यादव को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 15 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई, अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# इंजेक्शन लगने के बाद प्रसूता की मौत, हंगामा

संवाददाता, सीतापुर।

दी तहरीर

**अमृत विचार :** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में उपचार के दौरान एक प्रसूता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।



पूजा (फाइल फोटो)

बैकुंठापुर निवासी सोबरन के मुताबिक, उन्होंने अपने भाई गोविंद की पत्नी पूजा को प्रसव के लिए सीएचसी मिश्रिख में भर्ती कराया था। आरोप है कि डॉक्टर ने प्रसूता को बेहोशी का इंजेक्शन दिया, जिसके बाद वह सुध नहीं आई। हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने उसे मृत अवस्था में ही गुपचुप तरीके से लखनऊ रेफर कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि एंबुलेंस कर्मी शव को रास्ते में ही सीएचसी मछरेहटा में छोड़कर भाग निकले। परिजनों ने डॉक्टर आकांक्षा पर इलाज में कोताही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खुलासा : अवैध संबंध बने हत्या की वजह, भाभी और देवर गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** रेउसा के खरहुवां गांव में युवक की धारदार हथियार से हुई हत्या में उसी की सगी भाभी और चचेरे भाई को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के दावों के बीच आला कत्ल चाकू आदि की बरामदगी हो गई है।

अमृत विचार Follow UP

- रेउसा थानाक्षेत्र के खरहुंवा में हुई थी युवक की हत्या

बता दें कि रेउसा थानाक्षेत्र के खरहुवां गांव में हसीन की गला रेतकर हत्या की गई थी। करीबियों पर गहराते शक के बीच पुलिस ने हसीन की सगी भाभी रेशमा और चचेरे देवर रोज अली को हिरासत में लिया। पूछताछ में रेशमा ने हत्या किये जाने की बात स्वीकार की। बताया कि हसीन को पता चल गया था उसके अवैध संबंध रोज अली से हैं। डर था, कि वो मुंबई से आने के बाद सारी बात भाई से बता देगा। इसी कारण उसे चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। सीओ बिसवां अमन सिंह का कहना है कि मृतक हसीन की सगी भाभी रेशमा और चचेरे भाई रोज अली को गिरफ्तार कर लिया गया है। आलाकत्ल चाकू आदि भी मिला है।



तहसील परिसर में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

## जबरन उखाड़ ले गए स्मार्ट मीटर, महिलाओं का हंगामा

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** मोहल्ला जोशी टोला के निवासियों ने घरों में जबरन लगाए गए स्मार्ट मीटरों को हटवाने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। राम लखन जायसवाल के नेतृत्व में एसडीएम आकांक्षा गौतम से मिलने पहुंचे मोहल्ले वासियों ने बताया कि बीते दिनों घर के पुरुषों की अनुपस्थिति में बिजली कर्मियों ने महिलाओं को डरा-धमकाकर स्मार्ट मीटर लगा दिए। आरोप है कि कर्मियों ने 5500 की पेनल्टी का डर दिखाकर पुराने मीटर उखाड़ दिए। उर्मिला, किरण और मनोरमा सहित अन्य महिलाओं का कहना है कि वे सभी मजदूर पेशा लोग हैं। पुराने मीटर में बिल सही आता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद से कम बिजली खपत पर भी अत्यधिक बिल आ रहा है। ज्ञापन देने वालों में छोटेलाल, नंदलाल, काशीराम, नीरज, लल्लन, शिव दुलारी, कमल किशोर, दीनू और बृजेंद्र आदि शामिल रहे।

# संकटा देवी धाम में भावनृत्य की बिखरी छटा

संवाददाता, महमूदाबाद।

**अमृत विचार :** विश्व विख्यात मां संकटा देवी धाम के वार्षिक मेले में आयोजित भावनृत्य प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में शानदार प्रस्तुति देते हुए नैऋति चित्रांश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि उप्र अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रयासों से पावन धाम को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने मंदिर को करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र बताते हुए इसके सर्वांगीण विकास व सौंदर्यीकरण का आश्वासन दिया। इससे पूर्व पं. पुरुषोत्तम मिश्र ने अतिथियों को गर्भग्रह में पूजन कराया। प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में नवनीत श्रीवास्तव द्वितीय और काव्या पोरवाल, नित्या रस्तोगी व वैष्णवी पाण्डेय संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं नविका, आधिरा, मान्या, अर्पिता, शिवांशी और पंखुड़ी को सांत्वना पुरस्कार मिला। इस अवसर पर धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, मंत्री शिवम विक्रांत, डॉ. प्रशांत राव, शरद मिश्र सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

## थाने में भंडारे का आयोजन, उमड़े श्रद्धालु

**रामपुर मथुरा।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर थाना परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया द्वारा बजरंगबली के चित्र पर माल्यार्पण एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर किया गया। पूजा-आरती के उपरांत आयोजित भंडारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूड़ी-सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक संजय सिंह, राजाराम यादव, विनोद यादव, विपिन कुमार, राजेश कुमार, प्रशांत कुमार, शैलिया राजपूत, पाठक प्रीति सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



भंडारे में बच्चे को प्रसाद देते पुलिसकर्मी।

## एंबुलेंस की कमी और बंद काउंटर पर फूटा गुस्सा



विरोध प्रदर्शन करते दिव्यांग। अमृत विचार

**खैराबाद।** विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन की मासिक बैठक हंगामेदार रही। बैठक में दिव्यांगों और निराश्रित महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर आक्रोश जताया। संस्था की प्रबंधक बिन्दू मौर्या ने आरोप लगाया कि सीएचसी खैराबाद में केवल एक 108 एंबुलेंस होने से समय पर इलाज नहीं मिल पाता, जिससे मरीज दम तोड़ रहे हैं। उन्होंने जिला अस्पताल में दिव्यांगों के विशेष काउंटर के अक्सर बंद रहने पर भी कड़ा विरोध जताया। वहीं, कोषाध्यक्ष विजय पाल ने कहा कि दो साल से पारिवारिक लाभ योजना का भुगतान रुका है और पेंशन न मिलने से महिलाएं भुखमरी की कगार पर हैं। बैठक में शौचालय, आवास और रोजगार आवंटन में धांधली के भी आरोप लगे। इस दौरान हरिलाल, हरीशंकर गुप्ता, रिजवाना, कालिंद्री और कौशल किशोर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



डीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने के लिए उपस्थित श्रमिक संगठन के पदाधिकारी और सदस्य।

## कमलापुर चीनी मिल के श्रमिक मुखर, ज्ञापन

**सीतापुर। अमृत विचार :** भारतीय चीनी मिल मजदूर संघ कमलापुर ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर श्रमिकों की लंबित मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई है। संघ का आरोप है कि मिल का संचालन निजी हाथों में जाने के बाद से लगभग 204 पुराने कर्मचारियों को काम पर नहीं लिया गया है। मजदूर संघ के मंत्री अरुण कुमार तिवारी और सामाजिक कार्यकर्ता संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि मिल प्रबंधन द्वारा पुराने भुगतान और बहाली को लेकर कई बार वार्ता की गई, लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। श्रमिकों ने मांग की है कि सभी पुराने कर्मचारियों को तत्काल कार्य पर वापस लिया जाए। कर्मचारियों के बकाया वेतन और भविष्य निधि पीएफ का भुगतान तुरंत किया जाए।

# लहरपुर प्रीमियर लीग सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** लहरपुर प्रीमियर लीग सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ युवा सपा नेता अतुल वर्मा ने फीता काटकर किया। नगर के मोहल्ला छावनी स्थित कटहली ग्राउंड पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ सपा नेता अतुल वर्मा ने क्रिकेट खेल कर व फीता काट कर किया।

टॉस जीतकर मोनू इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहला विकेट जल्दी गिर गया। इसके बाद सुहेल ने शानदार पारी खेलते हुए मात्र 27 गेंदों में 1 चौका और 9 छक्कों की मदद से 69 रन बनाए। उनकी दमदार बल्लेबाजी के चलते मोनू इलेवन ने निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 123 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पैंथर क्लब की टीम ने भी अच्छी शुरुआत की और ओपनर बल्लेबाज फुजैल और अनुज वर्मा ने टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया लेकिन मैच के आखिरी दो ओवरो में मोनू इलेवन के गेंदबाज सुहेल और अलीम ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए मुकाबले को पलट दिया और अपनी टीम को 7 रनों से जीत दिला दी। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सुहेल को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मैदान पर मौजूद रहे।



खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि।

## आंबेडकर प्रतिमाओं की सुरक्षा को लेकर ज्ञापन

**सिधौली।** डॉ. आंबेडकर संवैधानिक महासंघ ने क्षेत्र में स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमाओं की सुरक्षा और पार्कों के रखरखाव को लेकर हुंकार भरी है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार सिद्धार्थ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सिधौली को ज्ञापन सौंपकर आंबेडकर पार्क में बाउंड्री वॉल और छावनी निर्माण की मांग की। ज्ञापन सौंपने से पूर्व पार्क में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार सिद्धार्थ ने कहा कि पूर्व में मिले आश्वासनों के बाद भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। प्रतिमाओं की सुरक्षा समाज की भावनाओं से जुड़ा विषय है। इस दौरान महासंघ ने घोषणा की कि 1 से 30 अप्रैल तक 'अंबेडकर माह' मनाया जाएगा और 29 अप्रैल को भव्य 'स्वाभिमान यात्रा' निकाली जाएगी। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।



प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी व सदस्य।

## पीएलवी की बैठक में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार पर जोर



बैठक के दौरान उपस्थित पीएलवी। अमृत विचार

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष आशीष जैन के मार्गदर्शन में पराविधिक स्वयं सेवकों (पीएलवी) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। दीवानी न्यायालय स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विजय भान ने आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी पीएलवी को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मिनी शिविर लगाकर आम जनमानस और वादकारियों को लोक अदालत के लाभों के प्रति जागरूक करें।

# गन्ना समिति में बनेगा आधुनिक किसान भवन

संवाददाता, नेरी।

**अमृत विचार :** महोली स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में आयोजित सामान्य निकाय की बैठक में किसानों के हित में कई बड़े निर्णय लिए गए। विधायक शशांक त्रिवेदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में समिति के विकास और किसानों की सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति अध्यक्षा के प्रतिनिधि धीरेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने घोषणा की है कि बोर्ड की सहमति से समिति परिसर में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से एक आधुनिक किसान भवन बनाया जाएगा। इसका उपयोग किसान मैरिज हॉल के रूप में होगा। इसके साथ ही, गन्ना परिषद का कार्यालय भी परिसर में स्थापित होगा। वहीं, वर्ष 2026-27 के लिए समिति ने 8 करोड़ 20 लाख 87 हजार रुपये की अनुमानित आय और 7 करोड़ 95 लाख 58 हजार रुपये का व्यय बजट प्रस्तुत किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते समिति के अध्यक्ष। अमृत विचार

### किसानों को राहत

किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए बड़ागांव, महेवा और रिछाही में नए खाद गोदाम बनाए जाएंगे, जबकि उरदौली में निर्माण कार्य जारी है।

## रेलवे बैरियर टूटने से सिधौली मार्ग पर जाम

**संवाददाता, कमलापुर। अमृत विचार :** सिधौली-महमूदाबाद मार्ग स्थित बड़ी लाइन रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार शाम करीब 6 बजे उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब ट्रेन आने से पहले बंद किया जा रहा रेलवे फाटक बूम बैरियर अचानक टूट गया। बैरियर क्षतिग्रस्त होने के कारण क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए और देखते ही देखते भीषण जाम लग गया। व्यस्त मार्ग होने के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग के तकनीकी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू किया।



टूटे रेलवे बैरियर को दुरुस्त करते रेलकर्मी।

## बेतरतीब पार्किंग से लगा जाम

**नैमिषारण्य।** प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नैमिषारण्य के नीमसार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। कृष्ण स्पर्श होटल के पीछे लखनऊ-सीतापुर लिंक बाईपास मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय लोग राहुल तिवारी, रामू, पप्पू आदि के अनुसार, मुख्य मार्ग के दोनों किनारों पर गाड़ियां आड़ी-तिरछी खड़ी कर दी जाती हैं। इस बेतरतीब पार्किंग की वजह से सड़क इतनी संकरी हो गई है कि पैदल चलना भी दूभर है। काली पीठ चौक से लेकर ललिता देवी मंदिर तक वाहनों का रेला लगा रहा। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस रूट पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती और पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।



## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**बछरावां, रायबरेली।** मिशन शक्ति फेज पांच द्वितीय चरण अभियान के अंतर्गत थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा ग्राम थुलेंडी में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई ताकि समय आने पर वे इसका पूरा इस्तेमाल कर सकें।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोपी दबोचा

**महराजगंज, रायबरेली।** बीते माह बहला फुसला कर नाबालिग को भाग ले जाने वाले आरोपी सूरज को पुलिस ने क्षेत्र के पहरांवा नैना नाला के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपहृता को भी बरामद कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पीड़ित अपहृता के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध पाक्सो एक्ट की धाराओं में बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### नवनियुक्त प्रधानाचार्य ने संभाला पदभार

**लालगंज, रायबरेली।** बरातीलाल गंगाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती के द्वारा नव नियुक्त प्रधानाचार्य के रूप में ओम प्रकाश पाण्डेय ने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक सचिन रस्तोगी एवं कोषाध्यक्ष सतीश त्रिवेदी ने नवीन प्रधानाचार्य को माला पहनाकर स्वागत किया। नव नियुक्त प्रधानाचार्य ओमप्रकाश पांडे का बाल कल्याण समिति के सदस्य सुशील शुक्ला, कैलाश वाजपेई, सुरेंद्र गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन आदि ने स्वागत किया है। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार शुक्ल, अनूप पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# दूषित मट्ठा पीने से 2 दर्जन बच्चे बीमार

## गाय के बछड़े के जन्म की खुशी में बच्चों को पिलाया गया था मट्ठा, सात हुए रेफर

सलोन, रायबरेली



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन में भर्ती बच्चे। सभी बच्चों ने दूषित मट्ठा पीया था। अमृत विचार



जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती सलोन क्षेत्र के बीमार बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे रुद्र मटका गांव में एक कार्यक्रम के दौरान बच्चों को परोसा गया मट्ठा दूषित होने के चलते दो दर्जन बच्चे फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। देर रात सभी बच्चों को सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। यहां आधा दर्जन बच्चों की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बीमार बच्चो में ज्यादातर भाई बहन है।

सलोन कोतवाली अंतर्गत ग्राम पूरे रुद्र मजरे मटका गांव निवासी राज कुमारी पत्नी राम शंकर के यहां 30 मार्च को एक गाय ने बच्चे को जन्म दिया था। गौवंश के जन्म की खुशी में दोनों दंपतियों ने गांव के बच्चों को एकत्र कर उन्हें मट्ठा पिलाया था। उसी दिन मट्ठा पीते ही एक एक करके कई बच्चे बीमार होते चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक जब परिजनों ने विरोध किया तो दम्पति ने गांव के एक झोलाझाप डाक्टर के यहां लेजाकर उनका दवा इलाज कराया। लेकिन हालत में कोई सुधार नही होने पर दम्पति ने इलाज कराने से साफ इंकार कर दिया। इधर तीन दिनों से बच्चे उल्टी और दस्त के चलते परेशान हो चुके थे, जिससे उनकी हालत बिगड़ती चली गई।

बुधवार की रात्रि ग्रामीणों ने पुनः दम्पति से इलाज के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने साफ मना कर दिया। जिसके बाद पीड़ित बच्चों के परिजनों ने पुलिस को पूरे घटना क्रम की जानकारी दे दी। मामले की सूचना पर सूचना डायल 112 गांव पहुंच गई। जिसके बाद एम्बुलेंस से सभी बच्चों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से सात बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जिला अस्पताल में भर्ती किशोर सर्वेश (12) व श्रेयांश (8) पुत्रगण राम चन्दर, मानवी (5) व जानवी (7) पुत्री जीतेंद्र, नैना (9), अनन्या पुत्री रामू, आदर्श पुत्र लवकुश का इलाज किया जा रहा है। जबकी रुद्रांश (8) पुत्र लवकुश, मधु (11), प्रिंश (8) व अंश (6) पुत्रगण प्रेम चन्द्र, चन्दनी (12), अनिका (6), आजाद (3), अर्जुन (15) पुत्रगण सन्तु, शिवानी (15) कृष्णा (9) महक (5) पुत्री मनोज, शिखा (6) पुत्री श्रीकेश, खुशबू (7) पुत्री दिलीप, अर्पित (6) श्रीचंद, प्रिंश (5) पुत्र चन्दर का इलाज सीएचसी में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बच्चों की हालत में पहले से सुधार होना बताया गया है।

> बुधवार की रात एंबुलेंस के माध्यम से पूरे रुद्र मटका गांव से लगभग 23 बच्चे बीमार अवस्था में लाये गए थे। इमरजेंसी में मौजूद डॉ. अजय शंकर वर्मा ने सभी बच्चों का बेहतर उपचार किया है। पदार्थ पीने/पिलाने से बच्चों की तबीयत खराब हुई है।
>
> -अमित कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक, सलोन

### धोखे से बैनामा कराने के सदमे में किसान की गई जान

**महराजगंज, रायबरेली।** गुमांवा ग्राम में जमीन जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोप है एक किसान की भूमि बिना पैसे दिए धोखे से लिखवा ली गई, जिसके सदमे में किसान ने दम तोड़ दिया। अब कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने एक अधिवक्ता सहित पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि गुमांवा निवासी किसान अजय कुमार की 10 बिस्वा जमीन का सौदा 10 लाख रुपये में तय हुआ था। 25 अक्टूबर 2025 को आरोपियों ने बैनामा तो करा लिया, लेकिन भुगतान के नाम पर किसान को ठग लिया। मृतक किसान की पत्नी मालती देवी का कहना है कि बैनामे के दस्तावेजों में 5-5 लाख रुपये के दो चेक देने का जिक्र किया गया, लेकिन असल में उनके पति को न तो कोई चेक दिया गया और न ही कोई नकद राशि दी गई। मालती देवी के अनुसार रजिस्ट्री होने के बाद उनके पति अजय कुमार लगातार अपने पैसे के लिए आरोपियों के चक्कर काटते रहे। बार-बार मिन्नतें करने के बावजूद जब आरोपियों ने पैसे देने से साफ मना कर दिया। सदमे में उनके पति अजय की 30 नवंबर 2025 को मौत हो गई। पति की मौत के बाद न्याय के लिए भटक रही मालती देवी ने प्रशासन और महिला आयोग से भी गुहार लगाई।

# टेनिस में खिलाड़ियों ने लहराया परचम



इंटरनेशनल मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** ईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में अयाज, नितिन, सुनील, विमुक्ति और अमिता ने फिर जिले का परचम लहराया है। 28 मार्च से 1 अप्रैल तक लखनऊ में हुए इंटरनेशनल मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में मोहम्मद अयाज ने सीनियर सर्किट में क्वार्टर फाइनल में राजेश कुमार को 6-4, 6-4 से, सेमी फाइनल में टॉप सीडेड भारत लाल को 6-1, 6-4 से और फाइनल मैच में रमनलाल को 6-1, 6-2 से हराकर फाइनल में विजेता बने। वहीं डबल्स में उप विजेता रहे। 40 वर्ष में डबल्स के फाइनल मैच में नितिन और सुनील की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ की जोड़ी अंकुर कपूर और आदित्य कपूर को 4-6, 6-3, 10-8 हरा कर फाइनल जीता। इसी तरह सुनील ने सिंगल में भी अंकुर कपूर को हराकर फाइनल जीता, जबकि मिक्स डबल्स में विमुक्ति सिंह के साथ उप विजेता रहे। विमुक्ति सिंगल और अमिता मौर्या के साथ डबल्स में भी उप विजेता रही। इस अवसर पर शहर के टेनिस खिलाड़ियों धीरेन्द्र सिंह, सुधीर पांडे, राजेश सिंह, राजेश थपलियाल, डॉ संजीव जायसवाल, जितेंद्र शर्मा, प्रमोद पांडे, विशाल पांडे, हशमत अली, अमित उपाध्याय, डॉ जमाल, अमित सावलानी, संजय वर्मा, नरेंद्र, सूरज, सोनू, रंजीत, राजीव कुशवाहा, दिनेश केजरीवाल आदि ने विजेता और उप विजेता रहे खिलाड़ियों को बधाई दी।

## महिलाओं को किया गया जागरूक

**महराजगंज, रायबरेली।** महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत बुधवार को महराजगंज पुलिस टीम द्वारा कस्बा पिंक बूथ पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के लिए, 1090, 112, 102/108, 1930 व चाइल्ड हेल्पलाइन जैसी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, महिला कांस्टेबल गीता सिंह, दीपा सिंह, शगुन शर्मा आदि महिलाएं मौजूद रही।

## हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा आयोजित



भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित करते आयोजक व अन्य। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर लालगंज नगर के हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर सहित कई स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह हनुमान चालीसा पाठ और सुंदरकांड के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। दोपहर से शुरू हुए भंडारे में पूड़ी-सब्जी, हलवा और खीर का प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया। साकेत नगर लालगंज में भाजपा के महामंत्री सतेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। सब्जी मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, व्यवस्थापक संजय चड्ढा, महामंत्री अशोक शुक्ला ने कहा कि श्री बालाजी भगवान हनुमान जी के ही स्वरुप हैं, हनुमान जी भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं, भंडारा उसी सेवा भावना का विस्तार है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, बीके सिंह, बाबू तिवारी, महेश सोनी, मुन्नीलाल, शीतला सविता, राम शंकर आदि लोग मौजूद रहे।

## परशुराम भवन में मनी हनुमान जयंती



परशुराम भवन में सुंदरकांड का पाठ करते भक्त। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली।** शिवगढ़ नपं स्थित परशुराम भवन में हर्षोल्लास से हनुमान जयंती मनाई गई। इस दौरान संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयोजक अंजनी दीक्षित व समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित हरियाणा ने कहा कि बजरंगबली के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। इस मौके पर उर्मिल उर्मिला दीक्षित, युवा समाजसेवी राज भैया उर्फ राज दीक्षित, सविता दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी, अमित मिश्रा, रामकमल पाण्डेय, अंजनी अग्निहोत्री, दशरथ, विमल दीक्षित, नंगू मिश्रा, सुनील मिश्रा, विकास वैश्य, सोनू पाण्डेय, पूर्व प्रधान रमेश कुमार मिश्रा उर्फ पुतन्नी महराज, अनुज अवस्थी, छोटू द्विवेदी, हर्षित शुक्ला, सत्यम, रोशन आदि लोग उपस्थित रहे।

# सामाजिक ग्राम समिति का हुआ गठन

संवाददाता डीह, रायबरेली



पंचायत भवन में आयोजित बैठक के दौरान नामित किए गए पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीह कस्बा स्थित पंचायत भवन में गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवियों, युवाओं व ग्रामवासियों द्वारा ग्राम पंचायत को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ग्राम समिति का विधिवत गठन किया गया। बैठक में ग्राम समिति गठन नियमावली के अनुसार पदाधिकारियों के चयन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ओम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रभाकर पांडेय को मिली। उपाध्यक्ष पद देवेन्द्र प्रताप सिंह (शशि सिंह), सचिव का पदभार इंजीनियर जय प्रकाश अग्रहरि (शुभम अग्रहरि), प्रबंधक/मुख्य कार्यकारणी का पद अनिल तिवारी को मिला। वहीं कोषाध्यक्ष का पद व्यवसाई हिमांशु अग्रहरि (श्यामू) व आडिटर का पद एडवोकेट सुशील कुमार अग्रहरि को दी गई। समिति के सदस्यों की जिम्मेदारी सुनील साहू, दीपू कुमार, रामअवध यादव, तनवीर हसन अंसारी, पप्पू अग्रहरि, इंजीनियर गोपी कृष्ण अग्रहरि को दी गई। बैठक में संचालन की जिम्मेदारी ग्राम सभा डीह के प्रतिनिधि शुभम अग्रहरि को दी गई। तत्पश्चात इच्छुक व्यक्तियों द्वारा समिति की सदस्यता हेतु आवेदन एवं निर्धारित सदस्यता शुल्क जमा किया गया तथा सभी आवेदनों को सूचीबद्ध करते हुए रजिस्टर में नाम, हस्ताक्षर एवं मोबाइल नंबर दर्ज किए। इस मौके पर फूलचंद्र अग्रहरि, हीरालाल सोनी, राजेश अग्रहरि, पप्पू, गप्पू, कमलेश, रामू आदि रहे।

# ट्रक से कुचल कर महिला की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** पति के साथ अपनी बेटी के घर जा रही महिला की कस्बे के मुख्य चौराहे पर अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक को मय चालक के टोल प्लाजा के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कस्बे के पटेल नगर की रहने वाली रामकली (60) पत्नी रामसेवक (65) बाइक द्वारा अपनी बेटी के घर ग्राम पोस्ट मल्हीपुर थाना बछरावां जा रही थी। कस्बे के मुख्य चौराहे पर पीछे से आ रहे डंपर ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह फिसलकर ट्रक के पहियों के बीच में आ गई, जिससे ट्रक से कुचल कर उसकी मौत हो गई। चौराहे पर तैनात पुलिस दल ने ट्रक का पीछा कर उसे टोल प्लाजा के पास से अपनी गिरफ्त में ले लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौतः शिवगढ़ः** थाना क्षेत्र के गूढ़ा-ओसाह सम्पर्क मार्ग पर स्थित सेमरगंज गांव के पास ट्रैक्टर-मोटर साइकिल की टक्कर में मोटर साइकिल सवार 2 युवकों में से एक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें आनन-फानन में एम्बुलेंस से सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बहुदा खुर्द गांव के रहने वाले अनूप कुमार राजपूत (22) पुत्र विश्राम अपने गांव के विनोद विश्वकर्मा (45) पुत्र राजाराम के साथ मोटर साइकिल से अपनी ससुराल अकबरगंज जा रहे थे। रास्ते में गूढ़ा-ओसाह सम्पर्क मार्ग पर सेमरगंज गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटर साइकिल में टक्कर मार दी जिससे अनियंत्रित होकर दोनों बाइक सवार घायल हो गए।

## हाईवे पर पलटी अनियंत्रित कार



दुर्घटनास्थल पर पलटी पड़ी कार। अमृत विचार

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बगाही मोड़ के निकट प्रयागराज से लखनऊ जा रही कार साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान कार हाईवे पर पलट गई। जिसमें सवार सभी लोगों को मामूली चोटे आई है, जिनका इलाज निजी अस्पताल में कराया गया है।



सतांव ब्लॉक परिसर में अभिलेखों की जांच करतीं सीडीओ अंजू लता। अमृत विचार

## सीडीओ ने सतांव ब्लॉक में जांचे अभिलेख

**सतांव, रायबरेली।** गुरुवार की दोपहर मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता मलिकमऊ चौबारा स्थित सतांव ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सर्विस बुक समेत कई अभिलेखों का बारीकी से परीक्षण किया। बीते वित्तीय वर्ष की धनराशि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। मुख्य विकास अधिकारी ने ब्लॉक सभागर, स्थापना कक्ष, अर्ध निर्मित मॉडल आवास सहित पूरे परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। उसके बाद बीडीओ के रूम में बैठकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। प्रत्येक योजना के अभिलेखों को मंगवाकर बारीकी से देखा। कर्मचारियों की सर्विस बुक देखी गई। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मचारी अलर्ट मोड में दिखाई दिए। सीडीओ ने बताया कि यह रूटीन निरीक्षण था, इसमें सभी अभिलेख देखे गए हैं। इस मौके पर बीडीओ अंजू रानी वर्मा, सहायक विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह समेत अन्य सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

## सुदामा की तरह संतोषी होना चाहिए : अक्षयानंद

**लालगंज, रायबरेली।** हरिद्वार धाम से आए संत पथिक साधना धाम के अध्यक्ष स्वामी अक्षयानंद जी महाराज नें आदर्श नगर लालगंज में विश्राम दिवस की कथा सुनाई। कहा सुदामा जी की तरह परम् सन्तोषी होना चाहिए, शास्त्रों में उसी को दरिद्र बताया गया है जो असंतुष्ट है। व्यक्ति के जीवन में चाहे कितना भी धन वैभव क्यों न हो किन्तु यदि सब कुछ होने बाद भी सन्तोष नहीं है तो सारा धन धूल के समान है। हम सबको प्राप्त को ही पर्याप्त समझते हुए आनंदित रहना चाहिए। भागवत कथा मनीष तिवारी के यहां चल रही है। श्री स्वामी जी नें कर्मयोग समझाते हुए कहा कि कुछ भी करना यदि स्वार्थ से या फल पाने की आशा से किया जाए तो कर्म तो होगा लेकिन कर्म योग नहीं, जब सेवा को अपने जीवन का अंग बना लें और वह सेवा निरभिमान निष्काम होकर करते रहें तो सेवा करते योग की अनुभूति हो जाती है।



क्रॉप कटिंग के बाद गेहूं का तौल करातीं डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

## जिलाधिकारी ने परखी गेहूं की उत्पादकता

**रायबरेली, अमृत विचार।** सदर तहसील क्षेत्र के सतांव ब्लॉक के पड़री गनेशपुर गांव में पहुंच कर डीएम हर्षिता माथुर ने गेहूं की पैदावार की हकीकत परखी। उनकी मौजूदगी में क्रॉप कटिंग कर उत्पादकता का आकलन किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत फसल गेहूं कटाई के 03 खेतों मे प्रयोग किए गए। एक निश्चित त्रिकोण क्षेत्र में फसल कटाई करके यह देखा गया कि कितनी उत्पादकता प्राप्त हो रही है। क्रॉप कटिंग से फसल की पैदावार देखी जाती है इसमें रेंडम आधार पर खेतों को चुनकर फसल की उत्पादकता का आकलन किया जाता है। कम उत्पादकता होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत बीमा कंपनी किसानों को लाभ देती है, इसलिए किसानों को अधिक से अधिक फसल बीमा करा लेना चाहिए। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, तहसीलदार आकृति श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक संत लाल, लेखपाल विकास कुमार उपस्थित रहे।

## मेधावी एवं नव प्रवेशी बच्चों का हुआ सम्मान

**सलोन, रायबरेली।** क्षेत्र के आदर्श प्राथमिक विद्यालय फरीद गढ़ में मेधावी बच्चों के साथ-साथ कक्षा एक में प्रवेश लिए बच्चों का प्रधान प्रतिनिधि अरविंद मौर्य द्वारा टीका एवं माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया गया। अरविंद मौर्य ने कहा कि नवीन सत्र 1 अप्रैल के प्रथम दिन ही इस विद्यालय में आठ बच्चों का नया प्रवेश किया जाना विद्यालय के प्रति अभिभावकों का लगाव और बच्चों को शिक्षकों द्वारा दी जा रही शिक्षा के प्रति विश्वास का ही परिणाम है। मंडल संयोजक रमेश कुमार गौड़ ने कहा कि हम सभी अभिभावक विद्यालय मे बच्चों को दी जा रही शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कार की सराहना करते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एसएस पाण्डेय ने बताया कि शिक्षक टीम द्वारा घर-घर भ्रमण कर 6 वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों का चिन्हांकन करके उन्हें स्कूल में प्रवेश कराया गया है।

## श्रीराम मंदिर निर्माण शुरू, भक्तों में उत्साह



बछरावां कस्बे में कराया जा रहा श्रीराम मंदिर का निर्माण। अमृत विचार

**बछरावां, रायबरेली।** कस्बे के प्रसिद्ध श्री पिप्लेश्वर हनुमान मंदिर चुरुवा ट्रस्ट राम-जानकी मंदिर के तत्वावधान में निर्मित हो रहे इस दिव्य धाम की परिकल्पना अत्यंत आकर्षक और पारंपरिक भारतीय वास्तुकला पर आधारित है। मंदिर के पुजारी मुनिराज अवस्थी एवं अनूप अवस्थी पुत्तू महराज ने बताया कि यह पावन निर्माण कार्य पूर्णतः जनसहयोग से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि "भगवान श्रीराम के इस भव्य मंदिर का निर्माण हम सभी के सामूहिक संकल्प और सहयोग से ही संभव है। हर श्रद्धालु का योगदान इस पुण्य कार्य में अमूल्य है।" चुरुवा की यह पावन भूमि अब एक भव्य रामधाम के रूप में विकसित होने की ओर अग्रसर है, जहां आस्था और विश्वास की ज्योति सदैव प्रज्वलित रहेगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के छिछौरा गांव में 19 मार्च को हुई सुरेश पटेल की संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक की पत्नी फूलमती ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र में सूदखोरी, मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का आरोप है कि करीब 2.50 लाख रुपये के कर्ज के एवज में छह लाख रुपये से अधिक की वसूली के बावजूद आरोपियों द्वारा लगातार दबाव और धमकी दी जाती रही। घर पहुंचकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी गई। वहीं, पीएनबी की जगतपुर शाखा में भी कथित रूप से अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ा। लगातार बढ़ते मानसिक दबाव के चलते सुरेश पटेल की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं। 22 मार्च को बैंक कर्मियों समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, जबकि 23 मार्च को पुलिस की ओर से मृतक के 23 परिजनों और 100-150 अज्ञात लोगों के खिलाफ दूसरा मुकदमा दर्ज कर दिया गया। अपना दल के प्रदेश पदाधिकारी मानसिंह पटेल ने बताया कि मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है। एसपी ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

**आयोजन**

### जूनियर शिक्षक संघ ने 76 सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

# अध्यापकों के लिए सदैव खुले रहेंगे विद्यालयों के रास्ते : बीएसए

संवाददाता, रायबरेली



स्काउट भवन परिसर में आयोजित समारोह में सम्मानित किए गए सेवानिवृत्त शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग में वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए 76 शिक्षकों का सम्मान स्काउट भवन के परिसर में किया गया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की तरफ से आयोजित 35 वां सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि बीएसए राहुल सिंह रहे। कार्यक्रम में 76 शिक्षकों, नौ शिक्षामित्र, 05 शिक्षणेत्तर कर्मचारी व एक लिपिक का सम्मान किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि आपके लिए सदैव ही दरवाजे खुले रहेंगे। आप लोग अपने को सेवानिवृत्त न समझे बल्कि एक जिम्मेदारी से आप लोग मुक्ति पाए हैं। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन की आवश्यकता जरूर शिक्षकों को सदैव रहेगी। वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा सिद्धार्थ दीक्षित ने कहा कि गुरु संबंध तक नहीं सीमित रहता है शिक्षक, बल्कि वह सदैव जीवित रहता है। बीईओ बृजलाल ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए शिक्षक पेड़ पढ़ाने के नीचे लगने वाली क्लॉस के दौर में आए होंगे और आज हमारे क्लासरूम स्मार्ट हो गए हैं। आपका अनुभव जरूर लोगों के काम आएगा।

संरक्षक समर बहादुर सिंह ने कहा कि हमारा और आपका काम यही से समाप्त नहीं होता है, हम लोग भले ही सेवानिवृत्त हो गए हैं, लेकिन हमें समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव और महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि एक शिक्षक कभी भी अपने कार्य से सेवानिवृत्त नहीं होता है, वह अपनी सेवा से भले ही रिटायर्ट हो जाता है, लेकिन उसका काम समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाना है। कार्यक्रम का संचालन संगठन प्रवक्ता सुनील यादव और नीरज रावत ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का सम्मान संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र नाथ बाजपेई, शांति अकेला, जिला मंत्री पन्नालाल, कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह, उपाध्यक्ष उत्तम सोनी ने किया।

इस मौके पर बीईओ अनिल मिश्रा, वीरेंद्रनाथ द्विवेदी, सत्य प्रकाश सिंह, अश्विनी गुप्ता, राम मिलन यादव, विजय प्रकाश, नन्दलाल रजक, विक्रमादित्य सिंह, सुरेंद्र वर्मा, साधना शर्मा, प्रमोद, बचनेश, रमेश, संजीव श्रीवास्तव, सुनीता, नीलम पटेल, शिव सागर पाल, गयामणि आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## कस्तूरबा में हुआ 20 छात्राओं का नामांकन

**अमेठी, अमृत विचार।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गुरुवार को नामांकन एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कक्षा 6 में अभिभावकों के साथ आई 20 छात्राओं का नामांकन किया गया। कार्यक्रम में वार्डन सरिता ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें अच्छे शैक्षिक माहौल वाले विद्यालयों में प्रवेश दिलाएं। शालिनी सिंह ने छात्राओं को टीका लगाकर व पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। विद्यालय स्टाफ ने छात्राओं को पाठ्यपुस्तकें वितरित कीं। वहीं छात्राओं ने स्वागत गीत व देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर कांति, कृष्णा यादव, जितेंद्र कुमार, रूमा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** कस्बे के वार्ड नंबर 4 में बीती रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरज पाठक उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र कृपा शंकर पाठक, मूल निवासी पल्टन बाजार प्रतापगढ़, वर्तमान में मुसाफिरखाना कस्बे के वार्ड नंबर 4 में किराये के मकान में रहते थे। परिजनों के अनुसार सूरज नशे का आदी था। मृतक के पिता कृपा शंकर पाठक ने बताया कि उनकी पत्नी को ब्रेन हैमरेज हुआ है और उनका इलाज चल रहा है। इसी सिलसिले में वह सोमवार को इलाज के लिए बाहर गए थे और बुधवार को ही घर लौटे थे।

# बस की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

### पीपरपुर थाना क्षेत्र में हादसा, शादी की खरीदारी करने जा रहे थे

संवाददाता संग्रामपुर, अमेठी



घटना के बाद रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार



रमजान अली।



रेहान अली।

**अमृत विचार।** पीपरपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। दोनों सुल्तानपुर बेटी की शादी की खरीदारी करने जा रहे थे। हादसे के बाद बस चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार संग्रामपुर थाना क्षेत्र के चन्डेरिया गांव निवासी रमजान अली (60) और उनके पुत्र रेहान अली (40) गुरुवार दोपहर बाइक से सुल्तानपुर जा रहे थे। जैसे ही वे पीपरपुर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे स्थित दुर्गापुर चौराहे के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात बस ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीपरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल सुल्तानपुर भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रमजान अली की बेटी का निकाह 20 अप्रैल को तय था। पिता-पुत्र उसी की शादी की खरीदारी करने के लिए घर से निकले थे। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। वहीं पीपरपुर थाना प्रभारी आर सी यादव ने बताया कि दोनों मृतक अपने गांव से सुल्तानपुर जा रहे थे। दुर्गापुर चौराहे के पास दुर्घटना हुई है। सुल्तानपुर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**शादी से पहले घर में मातम :** 20 अप्रैल को थी बेटी की शादी, खरीदारी से पहले ही उजड़ गया घर रमजान अली के परिवार में बेटी की शादी की तैयारियां चल रही थीं। 20 अप्रैल को उसका निकाह तय था। पिता और बड़ा बेटा रेहान अली शादी की खरीदारी करने सुल्तानपुर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही हादसे का शिकार हो गए।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**मुंशीगंज, अमेठी।** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के जामों-भादर मार्ग पर टिकरी चौराहे के पास गुरुवार सुबह सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रामसेवक चौहान पुत्र सीताराम चौहान के रूप में हुई है। गुरुवार को सुबह राहगीरों ने सड़क किनारे खून से लथपथ शव पड़ा देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर मृतक की बाइक टूटी हालत में पड़ी मिली, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मारी होगी। मृतक के भाई हृदय राम चौहान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा रात के समय हुआ होगा और सुबह तक शव सड़क किनारे पड़ा रहा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और हत्या व हादसे दोनों पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी।

# विश्व हिंदू परिषद ने निकाली भव्य शोभायात्रा

हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता अमेठी



विश्व हिंदू परिषद द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। यह शोभायात्रा देवीपाटन मंदिर से शुरू होकर शीतलगंज बाजार संग्रामपुर स्थित बजरंग धाम तक पहुंची। यात्रा का नेतृत्व विश्व हिन्दू परिषद अमेठी के जिला मंत्री अभिमन्यु उपाध्याय ने किया। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि बाबूगंज सगरा पीठाधीश्वर मौनी महाराज थे।

कार्यक्रम का संयोजन जिला सह मंत्री अशोक श्रीवास्तव, राम सिंह और संग्रामपुर प्रखंड मंत्री बद्री सोनी ने मिलकर किया। शोभायात्रा ने पहले पूरे अमेठी नगर का भ्रमण किया। इसके बाद यह शीतलगंज संग्रामपुर के लिए रवाना हुई। शीतलगंज पहुंचने पर मौनी महाराज और जिला मंत्री अभिमन्यु उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। संबोधन के पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने बजरंग धाम पर महाप्रसाद ग्रहण किया। इस महाप्रसाद के साथ ही कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया।

इस पूरे आयोजन के दौरान पुलिस व्यवस्था अत्यंत चाक चौबंद रही। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी भी शोभायात्रा के साथ सुरक्षा हेतु मौजूद थी। इस भव्य आयोजन में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला संरक्षक भगवान बख्श सिंह ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिला कोषाध्यक्ष रामजी अग्रहरि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

भादर प्रखंड अध्यक्ष नीरज सिंह और उपाध्यक्ष भगवान तिवारी मोंटी सिंह ने भी सक्रिय भागीदारी की। भेंटुआ प्रखंड अध्यक्ष पिंटू सिंह ने भी शोभायात्रा में भाग लिया। संग्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश ओझा और अमेठी नगर अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह भी इस अवसर पर मौजूद थे। इन सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने शोभायात्रा को और अधिक भव्य बना दिया। यह आयोजन हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर किया गया।

## सुनसान जगह ले जाकर जमकर पीटा फिर सड़क किनारे फेंका

**जगदीशपुर, अमेठी।** थाना क्षेत्र में मस्जिद के इमाम के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक निसूरा निवासी मु. अहमद पुत्र असगर अली ग्राम इटरौर की मस्जिद में इमामत करते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को शाम करीब 5 :30 बजे वह मस्जिद में नमाज पढ़ा रहे थे। उसी दौरान दावत में आए मु0 सलीम पुत्र मजीद निवासी बड़ा गांव कोट, थाना जगदीशपुर, जनपद अमेठी ने भी नमाज अदा की। नमाज के बाद मु0 सलीम ने गलत तरीके से नमाज पढ़ाने का आरोप लगाते हुए उनसे गाली-गलौज शुरू कर दी, जिस पर गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित के अनुसार, उसी दिन रात करीब 8 :30 बजे जब वह छोटा घोसियाना में मिलाद पढ़ने जा रहे थे, तभी रास्ते में मु0 सलीम ने अपनी गाड़ी लगाकर उन्हें रोक लिया। सलीम के साथ तीन अन्य लोग भी थे। आरोप है कि चारों लोगों ने जबरन उन्हें गाड़ी में बैठा लिया और लात-घूसों से मारपीट की। इसके बाद उन्हें कुछ दूर सुनसान जगह पर ले जाकर फिर से पीटा और सड़क किनारे फेंक दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने धमकी दी कि उनका वीडियो बनाकर दुर्घटना का रूप दे देंगे। इस दौरान आरोपियों ने उनके फोन से गांव के समीर को फोन कर बताया कि वे उन्हें मार रहे हैं।



हनुमान जन्मोत्सव पर दुखदुरैया में शामिल सुहागिनें। अमृत विचार

## दुखदुरैया में हजारों सुहागिनों की रही सहभागिता

**कमरौली, अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के ग्राम सभा बनभरिया स्थित प्रकटेश्वर बजरंग बली धाम में श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर पूजन-अर्चन दुखदुरैया एवं भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिसमें हजारों की संख्या में सुहागिन महिलाओं की सहभागिता विशेष रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मौनी महराज, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तिलोई सरिता देवी एवं सपा नेता अवधेश त्रिपाठी रहे। उन्होंने पूजा-अर्चना में सहभागिता कर क्षेत्रवासियों के सुख-शांति की कामना की। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से हनुमान जी की आराधना की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार दुखदुरैया अनुष्ठान में भाग लिया। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरिता देवी ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। वहीं, कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष अश्वनी कुमार अवस्थी ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# श्रीमद्भागवत कथा के पूर्व निकली कलशयात्रा

संवाददाता, अमेठी



कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मनीरामपुर के कटरा रानी गांव में बृहस्पतिवार से आयोजित होने जा रही संगीतमई श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पूर्व विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश रखकर गांव के विविध देवस्थानों की पूजा करते हुए क्षेत्र के कल्याण की कामना की। यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगीरही। मनीरामपुर के कटरा रानी गांव में आयोजित होने जा रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पहले मंगल कलश यात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। कलश यात्रा मनीरामपुर के कटरा रानी गांव से निकलकर मूसवापुर चौराहा होते हुए पहलवान वीर बाबा धाम तक गई। वहां से लौटकर मनीरामपुर कटरा रानी एवं जड्डूपूर के मंदिरों पर भी लोगों ने दर्शन पूजन किया । श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान दीप नारायण मिश्रा एवं उषा मिश्रा ने लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया । कलश यात्रा में आए कथा व्यास पंडित माता फेर तिवारी ने बताया कि कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण में सहभागी बनने का जिन्हें भी अवसर मिलता है वह पुण्य का भागीदार हो जाता है। कलश यात्रा में आयोजक मंडल में राजन मिश्रा ,राहुल, उत्कर्ष, शिवमंगल मिश्रा, सुदीप मिश्रा, रवि ने लोगों का स्वागत किया। कलश यात्रा में विधायक प्रतिनिधि अरुण प्रजापति, बंदोइया गांव के प्रधान पुत्र रवि तिवारी, सुभाष तिवारी, मनोज मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।



ऊंचाहार रेलवे स्टेशन पर शिवानी सिंह का स्वागत करते क्षेत्र के लोग। अमृत विचार

## ज्वाइंट कमिश्नर बन गांव पहुंची बेटी का किया स्वागत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** अभावों में पली-बढ़ी एक किसान की बेटी ने अपने हौसले और मेहनत से सफलता की नई इबारत लिख दी। पूरे राठौरन गांव निवासी किसान भानु प्रताप सिंह की बेटी शिवानी सिंह ने यूपीएससी परीक्षा पास कर ज्वाइंट कमिश्नर पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। गुरुवार को जैसे ही शिवानी ऊंचाहार रेलवे स्टेशन पहुंचीं, क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाओं और देशभक्ति नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। स्टेशन से लेकर गांव तक जुलूस जैसा माहौल रहा और लोगों ने उन्हें सिर आंखों पर बिठाया। शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और परिवार को देते हुए कहा कि "कड़ी मेहनत, धैर्य और मजबूत इरादा ही सफलता का मूल मंत्र है।" उन्होंने प्राथमिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर, एनटीपीसी ऊंचाहार से प्राप्त की। इसके बाद प्रयागराज में स्नातक की पढ़ाई करते हुए उन्होंने यूपीएससी की तैयारी की। किसान पिता और गृहिणी मां की बड़ी बेटी शिवानी की यह सफलता संघर्ष, समर्पण और परिवार के सहयोग की मिसाल है। आज उनकी उपलब्धि न केवल क्षेत्र, बल्कि हर बेटी के लिए प्रेरणा बन गई है।

## हिंगलाज महायज्ञ में हुआ दुखदुरिया कार्यक्रम



दुखदुरिया में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** क्षेत्र के दादरा गांव स्थित पौराणिक देवी शक्तिपीठ मां हिंगलाज धाम में चल रहे हिंगलाज महायज्ञ महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को विशाल दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में हजारों महिलाओं ने भाग लेकर अवसान माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और देश, परिवार व गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने महिलाओं से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस दौरान प्रत्येक समूह की एक-एक महिला ने अन्य महिलाओं को अवसान माता की कथा भी सुनाई। पूर्व प्रधान दल दपट बहादुर सिंह ने कहा कि धार्मिक कार्यों में महिलाओं की आस्था विशेष रूप से देखने को मिलती है। कार्यक्रम में दल दपट बहादुर सिंह, फतेह बहादुर सिंह, हंसराज सिंह, अमरेज सिंह, रणवीर सिंह, विनय तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





प्राथमिक विद्यालय हरीरामपुर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे, शिक्षक व अन्य।

## प्रावि में नवीन प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**छतोह, रायबरेली, अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय हरीरामपुर विकास खंड छतोह में प्रभारी प्रधानाध्यापक सुनील कुमार निर्मल के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान एवं नवीन प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा एक से चार तक के उत्तीर्ण बच्चों को अंकपत्र अभिभावको द्वारा वितरित कराया गया। कार्यक्रम में गंगाराम, शिवकेश प्रजापति, भारतलाल, शिवम,विक्रम, रेखा, नीता, पूनम, सूमाता, साक्षी जायसवाल, अंशिका आदि उपस्थित रहीं। इस मौके पर शिवकुमार त्रिपाठी, रसोइया फूलकली, गंगादेवी, मिथलेशकुमार आंगन बाड़ी कार्यकत्री साबिती देवी उपस्थित रहीं।

## लक्ष्य प्राप्ति में बैंकों का महत्वपूर्ण योगदान

**संवाददाता, रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर के निर्देशन तथा मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता के पर्यवेक्षण में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जनपद ने अपने निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कर लिया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत जनपद को आवंटित 2300 के लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस योजना में जनपद के प्रमुख बैंकों के सहयोग से 2300 के शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित कर ली गई है। 2300 के लक्ष्य के सापेक्ष बैंकों द्वारा 2303 पत्रावलियों का वितरण किया गया है, जिसका कुल वितरण प्रतिशत 100 .13 प्रतिशत रहा। बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, बीओआई, आईडीबीआई बैंक एवं यूको बैंक द्वारा आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष सौ प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की गई है।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ शुभारंभ, मेधावियों का सम्मान

**रायबरेली, अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकरगंज में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मनहरू सुरेश कुमार यादव एवं विशिष्ट अतिथि अनुराग पांडे द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान का आरंभ, प्रवेशोत्सव और मेधा अलंकरण पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, नाटक ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया। प्रधानाध्यापिका सविता सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में डॉ. अरुणेश चौधरी, अशोक कुमार मिश्रा, पंकज मिश्रा, मोहित पटेल, मुनीश, वर्षा श्रीवास्तव, कोटेदार नरूका, संदीप तिवारी, राजमोहन मिश्रा आदि रहे।

## कोर्ट के आदेश पर सर्वे को पहुंचे एसडीएम

**अटौरा, रायबरेली।** अटौरा ग्राम पंचायत में चकबंदी प्रक्रिया के निरस्तीकरण के संबंध में उच्च न्यायालय में दायर याचिका के आदेश पर गुरुवार को ग्राम सभा के पूरे शमशेर प्राथमिक विद्यालय में खुली बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदर तहसील एसडीएम प्रफुल्ल शर्मा ने चकबन्दी प्रक्रिया को लेकर लोगों की राय जानी और रिपोर्ट ऊपर भेजने की बात कही। जानकारी के अनुसार पूर्व में ग्राम पंचायत अटौरा में शासन ने लेखपालों के द्वारा सर्वे कराया था, जिसमें 960 लोगों ने चकबन्दी प्रक्रिया को लेकर अपनी राय दी थी। 960 में से 610 ग्रामीणों ने चकबंदी निरस्त करने का समर्थन किया था। जिसके बाद ग्राम सभा में पर्चा 6 का वितरण शुरु हुआ। जिस पर ग्राम सभा के ही नन्द किशोर ने सर्वे पर संदेह जाहिर करते हुये उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। गुरुवार को ग्रामीणों की खुली बैठक आयोजित हुई।

## धूमधाम से संपन्न हुआ नवारंभ उत्सव



वार्षिकोत्सव में उपस्थित छात्राएं। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** जनपद के जामो स्थित प्राथमिक विद्यालय लोरिकपुर में वार्षिकोत्सव और नवारंभ उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। विद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय ने मिलकर इस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जामो शोभनाथ यादव ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। उत्सव के दौरान विद्यालय के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनसे उपस्थित लोग आकर्षित हुए। बच्चों के रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी दर्शकों को आकर्षित किया और खूब सराहना बटोरी। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा। प्रधानाध्यापिका बीना सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका बीना सिंह और मुख्य सेविका आरती व आंचल भी मौजूद थीं। राम ललन द्विवेदी, शिव कुमार मौर्य, राजेश श्रीवास्तव और सुशील यादव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। शिवेंद्र प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, अनुराग यादव सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। सभी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

लापरवाही | विकास कार्य हुआ प्रभावित, रैंकिंग भी गिरी

# करोड़ों खर्च करने में ग्राम पंचायतें विफल

अरविंद श्रीवास्तव, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले की ग्राम पंचायतें वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद भी विकास कार्यों के लिए मिली धनराशि का पूरा उपयोग नहीं कर पाईं। पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत मिली करीब 18.86 करोड़ रुपये की बड़ी धनराशि अवशेष रह गई है। इस लापरवाही के कारण जिले में विकास कार्य प्रभावित हुए हैं और इसकी रैंकिंग पर भी नकारात्मक असर पड़ा है।

आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 में पंचायतों को 2.09 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके बाद उन्हें 39.64 करोड़ रुपये और प्राप्त हुए। कुल मिलाकर, अब तक लगभग 85.63 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। हालांकि, करीब 1.87 करोड़ रुपये अभी भी खर्च नहीं हो सके हैं। यह दर्शाता है कि आवंटित धनराशि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अप्रयुक्त रहा है। ऑनलाइन रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर माह में जिले की रैंकिंग 75 में 66वें स्थान पर रही। यह सी श्रेणी में आता है, जो जिले के लिए चिंताजनक स्थिति दर्शाता है। सितंबर माह में जिले की रैंकिंग 43वें स्थान पर थी। उस समय जिला बी श्रेणी में शामिल था, जिससे पता चलता है कि रैंकिंग में 23 स्थानों की गिरावट आई है। ग्राम पंचायतों द्वारा धनराशि का पूरा उपयोग न कर पाना एक गंभीर समस्या है।

पंद्रहवें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि का सदुपयोग न होने से स्थानीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं रुक गई हैं। यह स्थिति सीधे तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को बाधित करती है। समय पर धन खर्च न होने से योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पाता है। धनराशि का समय पर और उचित उपयोग सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों को शासन के निर्देशों के अनुसार धन खर्च करने के आदेश दिए गए हैं। त्यागी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी पंचायत में अनियमितता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह निर्देश धनराशि के प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।



श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

## सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन

**छतोह, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के सत्यनारायण पुरवा गांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा अमृत महोत्सव का समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक मुकेश आंनद जी ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अद्वितीय मित्रता तथा सच्चे प्रेम के महत्व का विस्तार से वर्णन किया। मुकेश आनन्द जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता निस्वार्थ प्रेम और समर्पण का प्रतीक है। उनके चरित्र का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और भगवान के जयकारों के साथ कथा का श्रवण किया। व्यास जी ने श्रीमद्भागवत कथा के मूल प्रसंग का भी सार बताया। उन्होंने कहा कि यह कथा मूल रूप से राजा परीक्षित को शुकदेव गोस्वामी द्वारा सुनाई गई थी, जिन्हें सात दिन में मृत्यु का श्राप मिला था। कथा के अंत में परीक्षित को मोक्ष मिलने का प्रसंग सुनाते हुए बताया गया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति को अज्ञान और मृत्यु के भय से मुक्ति मिल सकती है। इस मौके पर जगदम्बा प्रसाद तिवारी, पवन कुमार सोनकर, महेश नारायण तिवारी, जितेंद्र तिवारी, राजीव द्विवेदी आदि रहे।

## लापरवाही से भड़की आग ने लिया विकराल रूप वन क्षेत्र में जले बबूल और अर्जुन के पेड़

**संग्रामपुर, अमेठी।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र स्थित भवसिंहपुर पौधशाला के पास वन विभाग के जंगलों में सोमवार को आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते ही देखते यह आग दावानल का रूप लेती हुई बड़े क्षेत्र में फैल गई, जिससे जंगली बबूल और अर्जुन के कई पेड़ जलकर नष्ट हो गए। जानकारी के अनुसार, वन विभाग संग्रामपुर के समीप बहने वाली मालती नदी इस समय सूखी पड़ी है। आशंका जताई जा रही है कि नदी किनारे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साफ-सफाई के दौरान आग जलाई गई थी, जिसे बुझाए बिना ही छोड़ दिया गया। यही आग तेज हवा के चलते फैलकर जंगल तक पहुंच गई ।वन विभाग के कर्मचारियों की नजर जब आग पर पड़ी, तब तक वह काफी दूर तक फैल चुकी थी। कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए जमीन पर पड़ी सूखी पत्तियों को हटाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया और साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी ।सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंची, लेकिन घने कंटीले झाड़ियों के कारण दमकल वाहन अंदर तक नहीं जा सका। ऐसे में दमकल कर्मियों और वन विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर बाल्टियों से पानी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।वन दरोगा रणवीर सिंह ने बताया कि किसी की लापरवाही के कारण आग लगी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। फिलहाल आग पूरी तरह बुझा दी गई है और स्थिति नियंत्रण में है ।इस घटना ने एक बार फिर जंगलों में आग को लेकर सावधानी बरतने की आवश्यकता को उजागर किया है।

